रोहतक
मंगलवार, 19 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 199
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 34.0
न्यून. 24.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,273.75 | 676.09 ▲ |
| निफ्टी | 24,876.95 | 245.65 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,920/- | ---- |
| चांदी | 1,15,000/- | 1000/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.39 | 20 पैसे ▲ |
| कूड ऑयल 66.25 बैरल | | 0.62% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### मुंबई में भारी बारिश स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी

**मुंबई।** मुंबई और आसपास के इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सोमवार सुबह से रुक- रुक कर तेज बारिश जारी है। कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इसके चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा हुआ है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने मुंबई के सभी स्कूल और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है। लोगों से अपील की है कि घर से बाहर न निकलें। *एजेंसी*

### 'ऑनलाइन गेमिंग' पर सरकार लगा सकती है 40% जीएसटी

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स पर केंद्र बदलाव करने जा रही है। सरकार सिन और डिमेरिट गुड्स पर विशेष 40 फीसदी टैक्स लगाने की तैयारी है। जिसमें पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट, लग्जरी गाड़ियों के साथ ऑनलाइन गेमिंग को भी शामिल किया जा सकता है। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां यह कहते हुए 28% टैक्स नहीं दे रही थीं कि कौशल आधारित खेलों और भाग्य आधारित खेलों के लिए अलग-अलग टैक्स दरें हैं। *एजेंसी*

### म्यांमा में 28 दिसंबर से होंगे आम चुनाव

**बैंकॉक।** म्यांमा की सेना द्वारा नियुक्त निर्वाचन आयोग ने सोमवार को घोषणा की कि देश में चुनाव 28 दिसंबर से शुरू होंगे। हालांकि, आलोचकों ने चुनाव की तारीख तय करने की निंदा की है और इसे महज एक दिखावा बताया है। आलोचकों का कहना है कि इसका एकमात्र उद्देश्य 2021 में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के उसके अभियान को मान्यता देना है, जबकि देश के अधिकतर हिस्सों में सशस्त्र संघर्ष अब भी जारी है। *एजेंसी*

### बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2% पर आई

**नई दिल्ली।** देश में बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह आंकड़े सामने आए हैं। मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। *एजेंसी*

### मलयालम फिल्म निर्देशक निसार का 65 वर्ष में निधन

**कोट्टायम।** मलयालम फिल्म निर्देशक निसार का सोमवार को चंगनाशेरी में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। चंगनाशेरी के समीप त्रिकोडिथानम में जन्मे निसार ने वर्ष 1994 में फिल्म 'सुदिनम' से निर्देशन की शुरुआत की थी। दो दशक में उन्होंने मलयालम और तमिल में 27 फिल्में निर्देशित कीं। उनकी अंतिम फिल्म 'लाफिंग अपार्टमेंट नियर गिरिनगर' वर्ष 2018 में रिलीज हुई थी। *एजेंसी*



# शुभांशु शुक्ला से मिले पीएम मोदी, गले लगाया, पीठ थपथपाई, अंतरिक्ष यात्रा के जुड़े अनुभव किए साझा

- *मोदी के साथ शुभांशु की मुलाकात करीब 20 मिनट चली।*
- *शुभांशु ने टैबलेट पर उन्हें अंतरिक्ष के सफर की तस्वीरें दिखाईं।*
- *गगनयान मिशन को लेकर भी शुभांशु से बातचीत की।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से सोमवार शाम दिल्ली में मुलाकात की। पीएम मोदी ने शुभांशु से हाथ मिलाया और गले लगा लिया। पीठ थपथपाते हुए शाबाशी भी दी। शुभांशु ने टैबलेट पर उन्हें अंतरिक्ष के सफर की तस्वीरें दिखाईं। पीएम ने शुभांशु से अंतरिक्ष में बताए 18 दिन के सभी अनुभवों के बारे में जानकारी ली। अंतरिक्ष में किए गए प्रयोगों के बारे में जाना। पूछा, 'एक-एक प्रयोग में कितना समय लगा? किस तरह के प्रयोग किए?' शुभांशु से यह भी पूछा कि जीरो ग्रेविटी में सर्वाइव करना कितना मुश्किल था? उनके लिए कौन-कौन से चैलेंज सामने आ रहे थे? गगनयान मिशन को लेकर भी शुभांशु से बातचीत की। शुभांशु की 21 अगस्त को दिल्ली में प्रेसवार्ता है। 25 अगस्त को शुभांशु लखनऊ आएंगे।

### लोकसभा में शुभांशु शुक्ला पर हुई विशेष चर्चा

> केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह बोले, आज देश शुभांशु के लौटने पर सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा, विपक्ष अभी भी हंगामा कर रहा

लोकसभा में सोमवार दोपहर 2 बजे भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सफल अंतरिक्ष मिशन पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज देश शुभांशु के लौटने पर सफल अंतरिक्ष मिशन का जश्न मना रहा है, लेकिन विपक्ष अभी भी हंगामा कर रहा है और चर्चा को तैयार नहीं है। विपक्ष एस्ट्रोनॉट से नाराज कैसे हो सकता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- मुझे ये देखकर पीड़ा हो रही है कि ऐसे वक्त में जब देश में जश्न का माहौल है, देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, अंतरिक्ष में भारत के कदम का जश्न मना रहे हैं, विपक्ष इस पर बोल भी नहीं पा रहा है। आपकी नाराजगी सरकार से हो सकती है, एस्ट्रोनॉट से कैसे हो सकती है। शुभांशु एयरफोर्स के सिपाही हैं, किसी राजनीतिक दल से ताल्लुक नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की पालना की, ऑनलाइन प्रकाशन भी होगा

# निर्वाचन आयोग ने बिहार मतदाता सूची से हटाए 65 लाख नाम किए सार्वजनिक

भाषा ▶▶| पटना

निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रकाशित मतदाता सूचियों के मसौदे से हटाए गए 65 लाख लोगों के नाम सोमवार को सार्वजनिक किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम उच्चतम न्यायालय के उस निर्देश की पृष्ठभूमि में आया है जिसमें कहा गया था कि हटाए गए नामों का विवरण 19 अगस्त तक सार्वजनिक किया जाए और 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर 'एएसडी' (अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत) मतदाताओं के नाम प्रकाशित कर रहा है और उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार हटाए गए नामों का प्रकाशन ऑनलाइन भी किया जा सकता है। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के अनुसार, रोहतास, बेगूसराय, अरवल, सिवान, भोजपुर और अन्य स्थानों के मतदान केंद्रों पर एएसडी सूचियां प्रदर्शित की गई हैं।

### मतदाताओं की संख्या घटकर 7.24 करोड़ हुई

उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 14 अगस्त को निर्देश दिया था कि वह बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मसौदा मतदाता सूची से हटाये गये 65 लाख मतदाताओं का विवरण प्रकाशित करे और साथ ही उन्हें शामिल न करने के कारण भी बताए। बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के प्रथम चरण के तहत तैयार किए गए मसौदा मतदाता सूची में 65 लाख से अधिक गणना प्रपत्र 'शामिल नहीं' किए गए, जिससे पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 7.9 करोड़ घटकर 7.24 करोड़ रह गई।

### 14 अगस्त को शीर्ष कोर्ट ने दिया था आयोग को आदेश




### सीईसी के खिलाफ महाभियोग नोटिस पर विचार कर रहा विपक्ष

**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और कथित "वोट चोरी" को लेकर अपना प्रदर्शन तेज कर दिया है और इसके नेताओं ने सोमवार को यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार करने के लिए बैठक की। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी दलों के कई नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में बैठक की और इस बात पर चर्चा की कि कैसे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने रविवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया और उनके द्वारा उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी दलों के कुछ सांसदों को लगता है कि इस लड़ाई को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने का सुझाव दिया।

### पहले निर्चाचन आयोग हलफनामा दे : कांग्रेस

कांग्रेस ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार करते हुआ कहा कि पहले निर्वाचन आयोग उच्चतम न्यायालय में यह हलफनामा दे कि मतदाता सूची में गड़बड़ी नहीं है और इसके बाद पार्टी भी हलफनामा देकर बताएगी कि इसमें गड़बड़ है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त की धमकियों से डरने वाली नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को कहा था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने दावे को लेकर हलफनामा दें या फिर माफी मांगें।

### क्या है महाभियोग की प्रक्रिया

संविधान के अनुच्छेद-324 में चुनाव आयोग के स्ट्रक्चर और अधिकार तय किए गए हैं। इसमें साफ कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त को सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के जज की तरह हटाया जा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया जज इनक्वायरी एक्ट, 1968 और संविधान के अनुच्छेद 124(4) और 217 के आधार पर होती है। संसद सीईसी के खिलाफ आरोपों वाला प्रस्ताव ला सकता है। इसके लिए कम से कम लोकसभा में 100 सांसद या राज्यसभा में 50 सांसद का समर्थन होना जरूरी है। लोकसभा स्पीकर या राज्यसभा चेयरमैन यह तय करते हैं कि आरोप प्रथम दृष्टया सही हैं या नहीं। अगर उन्हें लगेगा कि मामला गंभीर है, तो वह इसे स्वीकार करेंगे और तीन जजों की जांच समिति गठित करेंगे। समिति जांच करेगी कि सीईसी पर लगे आरोप दुर्व्यवहार या अक्षमता की श्रेणी में आते हैं? आरोप सही होगा तो मामला संसद में जाएगा। दो तिहाई मतों से महाभियोग का प्रस्ताव संसद से पास होना जरूरी है। पास प्रस्ताव राष्ट्रपति के पास जाएगा, वही अंतिम आदेश जारी करेंगे। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। अगर किसी मुख्य चुनाव आयुक्त पर भ्रष्टाचार, पक्षपात, राजनीतिक दल से मिलीभगत, संवैधानिक दायित्वों का उल्लंघन का आरोप लगे तो हटाया जा सकता है। अगर मुख्य चुनाव आयुक्त किसी गंभीर बीमारी चाहे वह शारीर कि हो या मानस कि, उस स्थिति में पहुंच गए हैं और काम नहीं कर पा रहे हैं तो भी हटाए जा सकते हैं।

**मनीषा हत्याकांड की गुत्थी सुलझी**

# रिपोर्ट से खुलासा, शरीर में मिली कीड़े मारने की दवा


न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

> एसपी बोले, दुष्कर्म और हत्या नहीं
> • **शव की आंख और गर्दन को जानवरों ने नोचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


सुमित कुमार एसपी, भिवानी

शिक्षिका मनीषा की बिसरा रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मनीषा की मौत कीटनाशक पीने से हुई थी। लेडी टीचर की बॉडी से किसी तरह का सीमन भी नहीं मिला है जिससे इस बात की भी पुष्टि होती है कि उसके साथ दुष्कर्म जैसी कोई घटना नहीं हुई। हरिभूमि से विशेष बातचीत करते हुए भिवानी के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट से पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि मनीषा ने कीड़े मारने वाली दवा पी थी। पुलिस अधीक्षक ने हत्या की बात से पूरी तरह इंकार किया और कहा कि मनीषा की मौत के पीछे मर्डर जैसी कोई संभावना दिखाई नहीं देती। एसपी ने बताया कि मनीषा के शव की आंख और गर्दन को जानवरों ने नोचा था। उसके शव पर जो निशान मिले थे वे मरने के बाद के थे। *(पेज 3 भी देखें)*

### यह मामला पूरी तरह आत्महत्या का

वरिष्ठ डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट से रेप और हत्या की बात निरर्थक साबित हुई है। यह मामला पूरी तरह सुसाइड का है। सुसाइड करने के बाद मनीषा का शव काफी देर तक खेत में पड़ा होगा जिसके बाद जानवरों ने उसे नोच खाया। मनीषा के सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग भी मैच हो गई है। पुलिस ने उस दुकानदार का भी बयान लिया है जहां से मनीषा ने कीटनाशक खरीदा था।

# पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की

**अलास्का बैठक के बारे में जानकारी दी, मोदी बोले-भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों का करता है समर्थन**

**नई दिल्ली (भाषा)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन किया और यूक्रेन युद्ध समाप्त करने को लेकर अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। पुतिन ने अमेरिकी राज्य अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बातचीत के तीन दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया। अलास्का शिखर सम्मेलन यूक्रेन युद्ध रोकने पर किसी सहमति के बिना समाप्त हुआ। फोन पर बातचीत के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने लगातार यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया है और वह इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद, फोन कॉल के लिए और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी हालिया बैठक की अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए। भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है।


मोदी बोले-भारत ने लगातार यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया

## जंग रोकने को लेकर अमेरिकी-यूक्रेनी राष्ट्रपति के बीच बैठक

# ट्रंप बोले-जंग खत्म कराना आसान नहीं, पुतिन से फोन पर बात करूंगा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात के लिए व्हाइट हाउस पहुंचे। ट्रम्प ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन जंग से जुड़े सवालों के जवाब दिए। ट्रम्प ने कहा कि वे जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ मुलाकात के बाद पुतिन से फोन पर बात करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि यूक्रेन जंग खत्म कराना उनके लिए बहुत आसान होगा, लेकिन यह बहुत मुश्किल हो रहा है। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की चाहें तो जंग तुरंत रुक सकती है। जेलेंस्की ने फिर से कहा कि वे किसी भी हाल में रूस के साथ जमीन की अदला-बदली के लिए तैयार नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे पुतिन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।

### सोनीपत : लिफ्ट में फंसने से महिला सिपाही के दो वर्षीय बेटे की मौत

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस लाइन में सोमवार की शाम लिफ्ट में फंसने से एक मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाला बच्चा हरियाणा पुलिस में तैनात महिला सिपाही प्रियंका का दो वर्षीय पुत्र उदवंश था। जानकारी के अनुसार प्रियंका का हाल ही में कुरुक्षेत्र से सोनीपत पुलिस लाइन में अस्थाई तबादला हुआ था। वह करीब एक माह पहले ही यहां आई थीं। सोमवार की शाम को उनका पुत्र उदवंश खेलते-खेलते ब्लॉक सी स्थित लिफ्ट के पास पहुंच गया। उसी दौरान लिफ्ट का दरवाजा बंद होते समय बच्चा उसमें फंस गया। इससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस लाइन में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी और परिजन तुरंत बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# विश्वविद्यालयों में खेल विभाग के पांच एक्सीलेंस सेंटर होंगे स्थापित



> मिशन ओलंपिक 2036 को लेकर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक
> प्रत्येक सेंटर में तीन खेलों की सुविधा होगी
> कुल 15 खेलों का प्रशिक्षण एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को खेलों में अग्रणी बनाए रखने और मिशन ओलंपिक 2036 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य में खेल अवसंरचना को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश की विश्वविद्यालयों में खेल विभाग के 5 एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक सेंटर में तीन खेलों की सुविधा होगी, यानी कुल मिलाकर 15 खेलों का प्रशिक्षण एवं सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विश्वविद्यालयों के साथ बैठक कर इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री हरियाणा सिविल सचिवालय में मिशन ओलंपिक 2036 के संबंध में खेल विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने राज्य में खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने, खेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का खेल महाशक्ति राज्य है और इस स्थिति को और मजबूत करने के लिए खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं दी जाएंगी। स्टेडियमों का आधुनिकीकरण किया जाएगा, कोच की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## यूटयूबर ज्योति की न्यायिक हिरासत 7 दिन और बढ़ी

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा अदालत ने सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले उसकी सोमवार को यहां की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। ज्योति के वकील कुमार मुकेश ने सोमवार को बताया कि 25 अगस्त को ज्योति की कोर्ट में फिजिकल पेशी होगी, जिसमें उसे चार्जशीट की कॉपी सौंपी जाएगी। पुलिस ने चार दिन पूर्व 14 अगस्त को कोर्ट में ज्योति के केस की 2500 पन्नों की चार्जशीट सौंपी थी। जिसमें पुलिस ने जांच के आधार पर जासूसी के सबूत होने के दावे किए हैं। जांच से जुड़े पुलिस सूत्रों से कई अहम खबरें सामने आई हैं। हालांकि चार्जशीट की कॉपी अभी किसी को नहीं मिली है, इस वजह से औपचारिक तौर पर पुलिस के दावों की पुष्टि नहीं हो सकी है।


अगली पेशी में ज्योति की होगी फिजिकल पेशी

## 65 किमी लंबे राजमार्ग को तय करने में 12 घंटे लगते हैं, तो भुगतान क्यों हो

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई पर की टिप्पणी, फैसला सुरक्षित रखा**

# अगर यात्री घंटों जाम में फंसा रहता है तो वह टोल क्यों दे

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से पूछा कि अगर केरल के त्रिशूर में 65 किलोमीटर लंबे राजमार्ग को तय करने में 12 घंटे लगते हैं, तो किसी यात्री को 150 रुपये के टोल (शुल्क) का भुगतान करने के लिये क्यों कहा जाए। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने यह टिप्पणी एनएचएआई और टोल वसूलने का अधिकार रखने वाली कंपनी 'गुरुवायूर इंफ्रास्ट्रक्चर' द्वारा दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए की। याचिका में त्रिशूर के पलियेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल संग्रह पर रोक लगाने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।




### उच्च न्यायालय ने दिया था आदेश

सीजेआई ने कहा, "अगर किसी व्यक्ति को सड़क के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने में 12 घंटे लगते हैं, तो उसे 150 रुपये क्यों देने चाहिए? जिस सड़क पर एक घंटे का समय लगने की उम्मीद है, उसमें 11 घंटे और लगते हैं और उन्हें टोल भी देना पड़ता है।" सुनवाई के दौरान पीठ को सप्ताहांत में इस मार्ग पर लगभग 12 घंटे तक यातायात जाम रहने की जानकारी दी गई। उच्च न्यायालय ने छह अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग 544 के एडापल्ली-मन्नुथी खंड की खराब स्थिति और निर्माण कार्यों के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात जाम के आधार पर टोल निलंबन का आदेश दिया था।

### हम हर पहलू पर विचार करेंगे

एनएचएआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और टोल वसूल करने का अधिकार रखने वाली कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलें सुनने के बाद पीठ ने कहा, "हम हर पहलू पर विचार करेंगे, आदेश सुरक्षित रखेंगे।" न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा कि जिस दुर्घटना के कारण यह सड़क अवरुद्ध हुई, वह महज "दैवीय कृत्य" नहीं था, जैसा कि मेहता ने तर्क दिया, बल्कि एक ट्रक के गड्ढे में गिर जाने के कारण हुई थी। मेहता ने कहा कि जहां अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### ग्रुप-डी में चयनित की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**चंडीगढ़।** सरकार के मानव संसाधन विभाग ने विज्ञापन संख्या 01/2023 के अंतर्गत चयनित कॉमन कैडर ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये कर्मचारी संबंधित मण्डल आयुक्त कार्यालय या उपायुक्त, पंचकूला के कार्यालय में पहले ही अपनी जॉइनिंग दे चुके हैं और अब इन्हें विभिन्न विभागों में नियुक्त किया जा रहा है। विभिन्न विभागों में नियुक्त ग्रुप-डी कर्मचारियों की जिला-वार सूची संबंधित विभागाध्यक्षों को ई-मेल के माध्यम से भेज दी गई है।

### सार्वजनिक अवकाश घोषित करने से जुड़ी स्थायी समिति का पुनर्गठन

**चंडीगढ़।** सरकार ने प्रदेश में किसी दिन को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने से संबंधित सभी मामलों की जांच और विचार हेतु राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्थायी समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में जारी आदेशों के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव समिति के सदस्य के सदस्य होंगे। मानव संसाधन विभाग के विशेष सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे।

### 58 के बाद दो साल तक ही मिलेगी री-इम्पलॉयमेंट

**चंडीगढ़।** सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियोजन (री-इम्पलॉयमेंट) से संबंधित मामलों के निपटान हेतु संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम, 2016 के नियम-143 के अनुसार, केवल असाधारण या अपवादस्वरूप परिस्थितियों में ही 58 साल के बाद अधिकतम दो वर्ष तक री-इम्पलॉयमेंट की अनुमति दी जा सकती है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासकीय सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को एक पत्र जारी किया गया है।

### बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपभोक्ताओं की समस्याएं आज सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर - 96, पहली मंजिल, सेक्टर-5, पंचकूला में सुनीं जाएंगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।विभाग प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, विश्वसनीयता में कमी और हरियाणा बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि की शिकायतें सुनीं जाएंगी। उन्होंने बताया कि मंच द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126 तथा धारा 135 से 139 के अन्तर्गत बिजली चोरी मामले नहीं सुने जाएंगे।

# अग्रोहा को मिलेगी नई पहचान बनेगा अत्याधुनिक संग्रहालय

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पुरातात्विक स्थल के विकास की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- लगभग 5 एकड़ में एएसआई और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से खुदाई कर रहे
- खुदाई से पूर्व संभावित क्षेत्रों की ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार सर्वेक्षण कराया गया

प्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अग्रोहा को विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के लिए इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल और सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र के रूप विकसित किया जा रहा है। इसके तहत अग्रोहा में अत्याधुनिक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जहां खुदाई से प्राप्त पुरावशेषों को संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा। यह संग्रहालय आगंतुकों को क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें एक ज्ञानवर्धक और आकर्षक अनुभव भी प्रदान करेगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई बैठक में अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के विकास की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्रोहा, महाराजा अग्रसेन की राजधानी होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण पुरातात्विक और सांस्कृतिक स्थल है। इसके विकास से यह न केवल आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में भी उभरेगा।



#### मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हिसार-अग्रोहा मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा एक समग्र मास्टर प्लान तैयार किया जाए, जिसमें अग्रोहा को एकीकृत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की विस्तृत रणनीति शामिल हो। साथ ही, अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के आसपास स्थित टीलों की जियो टैगिंग कर उस क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए, ताकि इन टीलों को किसी भी प्रकार की क्षति से बचाया जा सके। बैठक में जानकारी दी गई कि अग्रोहा में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से खुदाई का कार्य किया जा रहा है। खुदाई से पूर्व संभावित क्षेत्रों की ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण कराया गया, जिसके आधार पर उत्खनन आरंभ किया गया। अब तक खुदाई से प्राप्त अवशेषों से यह पता लगता है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत के ऐतिहासिक परिदृश्य को एक नई पहचान देगा। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, असीम गोयल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### कर्मचारियों के हित सर्वोपरि



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों को मिल रहा है। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के लगभग 1 लाख 20 हजार संविदा कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# मोरनी व कालका के 19 गांवों में पेवर ब्लॉक की सड़कें बनेगी

- सड़कों के निर्माण व मरम्मत में गुणवता का रखा जाए विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिला पंचकूला के पहाड़ी क्षेत्र मोरनी और कालका में लोगों को सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 19 गांवों के लगभग 61 किलोमीटर कच्चे रास्तों को पक्का कर पेवर ब्लॉक की सड़कें बनाने के निर्देश दिए। इन सड़कों की चौड़ाई 12 फुट होगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी यहां लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने वन विभाग से एनओसी लेकर शीघ्र इन गांवों में सड़कों के निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोरनी व कालका के पहाड़ी क्षेत्र के इन गांवों में सड़क बनने से वहां के निवासियों को आवाजाही के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और इन इलाकों में विकास के नए मार्ग प्रशस्त होगी। यहां रहने वाले निवासियों को कच्ची सड़कों से होने वाली समस्याओं से जल्द निजात मिलेगी।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला पंचकूला के थापली बधिशेर से कोटी 1.68 किलोमीटर, पिंजौर मल्लाह से मंगनीवाला 1.20 किलोमीटर और गोबिंदपुर से थाथर 5.35 किलोमीटर सड़क की वन विभाग से एनओसी लेकर इन सड़कों का निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र शुरू किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने पानीपत से सफीदों 41 किलोमीटर, सफीदों से जींद 21.65 किलोमीटर और जिला अम्बाला में साहा चौक से पंचकूला-यमुनानगर फोरलेन तक व साहा चौक से कालपी तक तथा टोहाना रतिया सड़क के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण करने के कार्य को जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### सीएम ने ली बैठक
### एनओसी लेकर शीघ्र काम शुरू करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश में नई सड़कों के निर्माण और मरम्मत में गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवता से किसी भी प्रकार का समझौता कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तय समय सीमा में विकास कार्यों को पूरा करवाया जाए। यदि कोई कार्य को पूरा करने में देरी करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाए।

## कर्मचारियों को राहत : हड़ताल की अवधि को माना अर्जित अवकाश

- 2023 में हड़ताल पर चले गए थे लिपिक, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पत्र जारी किया

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने साल 2023 में हड़ताल पर गए लिपिकों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। अब इस हड़ताल अवधि को उपार्जित अवकाश (लीव ऑफ दी काइंड ड्यू) माना जाएगा। साथ ही, हड़ताल अवधि का न तो वेतन काटा जाएगा और न ही इस अवधि को सेवा में बाधा (ब्रेक इन सर्विस) के रूप में नहीं माना जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार भी है, द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि हड़ताल पर जाने से पूर्व अर्जित अथवा संचित अर्जित अवकाश को सर्वप्रथम समायोजित किया जाएगा, इसके पश्चात हाफ पे लीव जाएगा। अर्जित अवकाश और हाफ पे लीव की कटौती के बाद भी यदि हड़ताल अवधि शेष रहती है तो अग्रिम अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाएगा, जिसे संबंधित लिपिकों के भविष्य में अर्जित होने वाले अवकाश खाते से समायोजित किया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि यह छूट केवल एक बार की विशेष व्यवस्था के तौर दी जा रही है और इसे भविष्य में मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाएगा। ये निर्देश केवल कुछ श्रेणियों के कर्मचारियों, खास तौर पर लिपिकों पर लागू होंगे, जिन्होंने उस विशेष हड़ताल में भाग लिया था। ये निर्देश अन्य किसी भी मामले में लागू नहीं होंगे। तदनुसार, विभागों में कार्यरत एसएएस कैडर से सत्यापन के उपरांत वेतन जारी किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में सभी प्रशासकीय सचिवों, विभागाध्यक्षों, सभी मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उप-मंडल अधिकारियों (नागरिक) को पत्र भेजा गया है।

## शहरों की दुर्दशा पर तुरंत बड़े कदम उठाए सरकार : सैलजा



- स्मार्ट सिटी के नाम पर गुमराह किया जा रहा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विभिन्न शहरों की बदहाली को देखते हुए कांग्रेस महासचिव, और सांसद सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 11 वर्षों की राज्य व केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को गुमराह किया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, सिरसा सहित हरियाणा के लगभग सभी नगरों में गंदगी के अंबार लगे हैं। से कथित स्मार्ट सिटी बरसात में जलभराव से झील बन जाते है। इसके अतिरिक्त टूटी हुई सडक़ों और अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। शहरों की दुर्दशा पर भाजपा सरकार को कदम उठाना चाहिए।सैलजा ने कहा कि सरकार ने 30 जून तक नालों की सफाई का वायदा किया था, अब अगस्त माह चल रहा है पर कुछ हुआ ऐसा दिखाई नहीं देता। बरसाती नालों की सफाई न होने के कारण जगह-जगह पानी जमा है, जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। अनेक स्थानों पर सीवर का गंदा पानी पीने योग्य पानी की सप्लाई में मिलकर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। इसके अतिरिक्त टूटी हुई सड़कों और अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

## 15वें एशिया पैसिफिक क्षेत्र के सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स



- नई दिल्ली में 19 से 23 अगस्त तक होगी कॉन्फ्रेंस

**चंडीगढ़।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स-इंडिया कल 19 से 23 अगस्त, 2025 तक नई दिल्ली के लीला एम्बियंस कन्वेंशन होटल में वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ गर्ल गाइड्स एंड गर्ल स्काउट्स के 15वें एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह प्रतिष्ठित आयोजन क्षेत्रीय और वैश्विक प्रशिक्षकों, सदस्य संगठनों के निर्णयकर्ताओं और युवा प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा, जो एशिया पैसिफिक क्षेत्र की लड़कियों और युवा महिलाओं के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित हैं। इस सम्मेलन में 22 सदस्य संगठनों से 199 प्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से शामिल होंगे। इसमें (गर्ल गाइड्स ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, ब्रुनेई दारुस्सलाम गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, कंबोडिया गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, फिजी गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, हांगकांग गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, द भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जापान गर्ल स्काउट्स, किरिबाती गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, कोरिया गर्ल स्काउट्स, मलेशिया गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, मालदीव्स गर्ल गाइड्स एसोसिएशन, मंगोलिया गर्ल स्काउट्स एसोसिएशन व अन्य हिस्सा लेंगे।

## 17 सितंबर को होगा महाराजा अग्रसेन भवन का लोकार्पण

**पंचकूला।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में महाराजा अग्रसेन भवन का लोकार्पण व भव्य अग्र भागवत कथा का आयोजन 17, 18, 19 सितम्बर को सेक्टर 20 में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर एक बैठक महापौर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में हुई। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, सनसिटी परिक्रमा, काली माता मंदिर, बैकुंठ धाम व अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन के लिए आज सनसिटी में आयोजित मीटिंग में इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सेक्टर 20 की 111 सोसायटियों के प्रतिनिधियों एवं आम लोगों को भी विशेष न्योता दिया जाएगा। कार्यक्रम में सेक्टर 20 से 28 तक व सभी पंचकूला के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर महाराजा अग्रसेन भवन का लोकार्पण होगा।

## बिजली चोरी रोकने व जुर्माने की राशि के भुगतान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

- हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो ने दो विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए

**चंडीगढ़।** प्रदेश में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं/गैर उपभोक्ताओं को बिजली चोरी के जुर्माने की राशि का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो ने दो विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं कॉल सेंटर नंबर- 0172-2801240 और टोल फ्री नंबर- 1800-180-2124। टोल फ्री नंबर 24 घंटे, सातों दिन संचालित रहता है जबकि कॉल सेंटर नंबर- 0172-2801240 सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक संचालित रहता है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से आमजन बिजली चोरी, अवैध कनेक्शन से संबंधित शिकायतें और सुझाव सीधे ब्यूरो तक पहुंचा सकते हैं जबकि कॉल सेंटर नंबर के माध्यम से आमजन को बिजली चोरी के जुर्माने की राशि का भुगतान करने के लिये जागरूक किया जाता है।

## हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने आधार रिकॉर्ड में मृत घोषित कर्मचारी के मामले में स्वतः संज्ञान लिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि जनस्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी को वेतन नहीं दिया गया, क्योंकि उसके आधार रिकॉर्ड में उसे गलत तरीके से ꞊मृत꞊ दिखाया गया है। एक प्रमुख अखबार में 12 अगस्त को प्रकाशित खबर में कहा गया है कि रोहतक में रामलीला पड़ाव स्थित वाल्मीकि बस्ती के रहने वाले विजय कुमार जीवित हैं और नियमित रूप से अपना काम कर रहे हैं। खबर में कहा गया है कि प्रशासनिक चूक के कारण उन्हें कथित तौर पर उनके वैध पारिश्रमिक से वंचित कर दिया गया है। समीक्षा के बाद आयोग ने पाया कि स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के पोर्टल पर कर्मचारी का रिकॉर्ड अद्यतन नहीं किया, जबकि उन्हें पता था कि आधार में उसकी 'मृत' स्थिति गलत थी। आयोग की पूर्ण पीठ ने 14 अगस्त के अपने आदेश में कहा कि ऐसा व्यवहार आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध (आईसीईएससीआर) के अनुच्छेद 7 के विपरीत प्रतीत होता है। यह अनुच्छेद काम के न्यायसंगत और अनुकूल परिस्थितियों के अधिकार को मान्यता देता है, जिसमें ऐसा पारिश्रमिक शामिल है, जो कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करे। आयोग की पूर्ण पीठ में अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा और सदस्य कुलदीप जैन तथा दीप भाटिया शामिल थे। आयोग ने कहा कि किए गए कार्य के बदले वेतन न देना कर्मचारी के मानवाधिकारों का उल्लंघन है, विशेष रूप से भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित आजीविका और गरिमा के अधिकार का।

## कृषि विकास के रणनीतिक फंड के पुनः आवंटन को मिली मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति (एसएलएससी) की बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएम-आरकेवीवाई) के बजट और फंड उपयोग की व्यापक समीक्षा की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक का उद्देश्य प्रदेशभर में कृषि संसाधन आवंटन को अनुकूलित करना और प्रमुख विकास कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाना था। समिति ने पीएम-आरकेवीवाई के अंतर्गत 870.53 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय की समीक्षा की, जिसमें प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्रमुख आवंटन किए गए हैं। इनमें फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 250 करोड़ रुपये, 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के लिए 137.05 करोड़ रुपये और मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता कार्यक्रमों के लिए 25 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# राहुल गांधी की पाठशाला में ट्रेनिंग लेंगे जिला अध्यक्ष दिल्ली में 24 से प्रशिक्षण शिविर, 10 दिन तक चलेगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

- पार्टी के दिग्गज भी देंगे टिप्स
- ग्राउंड लेवल पर काम करने की तैयारी

हरियाणा प्रदेश के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही उन्हें फील्ड में उतरने और सत्ता पक्ष की घेराबंदी करने के गुर दिल्ली में सिखाए जाएंगे। यह ट्रेनिंग कोई और नहीं बल्कि खुद वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस हाईकमान के अन्य नेता देंगे। हरियाणा प्रदेश ही नहीं बल्कि बाकी प्रदेशों में भी पार्टी का संगठन मजबूत रहे और पार्टी पदाधिकारी जमकर संघर्ष करें, इसके लिए एमपी (मध्य प्रदेश) के जिला अध्यक्षों को भी दिल्ली बुलाए जाने की तैयारी है।सूत्रों का कहना है कि हाल में नियुक्त प्रदेश के 32 जिला अध्यक्षों को 24 अगस्त को दिल्ली बुला लिया है। हरियाणा इसके अलावा मध्य प्रदेश हरियाणा के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को भी बुलाया जा रहा है। अहम बात यह है कि विशेष प्रशिक्षण के लिए इन सभी को बुलाया जा रहा है, जो दस दिनों की होगी। जमीनी स्तर पर सियासी लड़ाई लड़ने के गुर सिखाने के लिए बुलाए जा रहे हैं। सियासी गुर देने औऱ सियासी लड़ाई लड़ने के गुर खुद राहुल गांधी और पार्टी हाईकमान के वरिष्ठ नेता देंगे।

इनके अलावा पीसीसी चीफ उदयभान सिंह भी इस दौरान बुलाए गए हैं। पार्टी हाईकमान के वरिष्ठ नेता और महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से भेजे पत्र में साफ किया गया है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ साथ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को दो स्तर की अनिवार्य ट्रेनिंग देने का कार्यक्रम है।

#### भाजपा से मुकाबला करने की खास तैयारी



नव नियुक्त जिला अध्यक्षों को ट्रेनिंग के जरिए पार्टी लाइन पर एक्टिव करने और भाजपा की रणनीति का मुकाबला करने के गुर सिखाए जाएंगे। कांग्रेस का दावा है कि संगठन सृजन अभियान के तहत चुने अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ साबित होंगे। प्रदेश की जनता के मुद्दों को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाएंगे। राहुल गांधी इससे पहले चंडीगढ़ में संगठन सृजन कार्यक्रम करने के लिए आए थे, जिसके बाद में उनके निर्देशों पर केंद्रीय पर्यवेक्षक तय किए गए थे।

### जुलाई में गुजरात में लगा था शिविर

विपक्ष के नेता राहुल गांधी और हाईकमान के नेताओं ने जुलाई अंतिम सप्ताह में गुजरात के आणंद जिले में तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी संबोधित किया था। नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया था। 2025 को ꞊संगठनात्मक वर्ष꞊ के रूप में चिह्नित करने की कांग्रेस पार्टी की पहल की गई थी।यहां पर बता दें कि कि कांग्रेस पार्टी, संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर पहुंच को मजबूत करने के लिए देश भर में विभिन्न शिविर लगाए जा रहे है।

#### प्लानिंग
### प्रशिक्षण शिविर दो चरणों में चलेगा

प्रशिक्षण के दो चरण 24 अगस्त को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में एक दिन का ट्रेनिंग और ओरिएंटेशन होगा। इसके अलावा दूसरा चरण 10 दिनों का होगा। यह 10 दिन का रेजिडेंशियल प्रशिक्षण प्रोग्राम होगा। यह ट्रेनिंग कहां होगी, इसका फैसला 24 को ही किया जाएगा। हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण प्रोग्राम हरियाणा से बाहर भी हो सकता है। ट्रेनिंग में सभी जिला अध्यक्षों को हिस्सा लेना अनिवार्य रहेगा। वेणुगोपाल की ओर से जारी गए पत्र के मुताबिक, राहुल गांधी ने 24 अगस्त को दिल्ली इंदिरा भवन, कोटला मार्ग पर होने वाले प्रोग्राम में शामिल होने और जिला अध्यक्षों को मार्गदर्शन देने के लिए सहमति दे दी है। बताया गया है कि यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे शुरू होकर शाम 7 बजे तक चलेगा। इस दौरान राहुल गांधी जिला अध्यक्षों को यह बताएंगे कि संगठन को बूथ स्तर तक कैसे मजबूत किया जाए।

## देश में निजीकरण को बढ़ावा दे रही सरकार : दीपेंद्र



**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने संसद में सरकार से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अलावा अन्य बैंकों के निजीकरण की योजना और विचाराधीन बैंकों के नाम पूछते हुए उन बैंकों के विनिवेश से प्राप्त होने वाले अनुमानित राजस्व पर सवाल किया और ये भी पूछा कि क्या सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय या समेकन के किसी नए प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इसके जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि दो बैंकों के निजीकरण और आगे और बैंकों के विलय की संभावनाओं पर विचार कैबिनेट समिति करेगी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार न तो बैंकों के नाम सार्वजनिक कर रही है और न ही यह बता रही है कि कितने राजस्व की अपेक्षा है। सरकार के जवाब से स्पष्ट है कि पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखकर जनता को अंधेरे में रखा जा रहा है।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा कार्यालय** : सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईबी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | पवन कुमार पुत्र रामचन्द्र (कर्जदार), विक्की पुत्र रामचरन (सह-कर्जदार), शीला पत्नी पवन (सह-कर्जदार), LHPNP00001355353 . | पवन के पक्ष में दस्तावेज नं. 1877 दिनांक 27.12.2016 के अनुरूप गांव रत्ता खेड़ा-तहसील सफीदों, जिला जीन्द में स्थित खेवट नं. 29, खाता नं. 29, खसरा नं. 102 (1-10) में निहित भूमि माप 1के 10एम में से 1/2 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 15 मरला है, के सभी भाग व हिस्से। कब्जे की तिथि 14 अगस्त 2025. | 02-05-2025 रु. 4,95,252.2/- | पानीपत |
| 2. | पवन कुमार पुत्र रामचन्द्र (कर्जदार), विक्की पुत्र रामचरन (सह-कर्जदार), शीला पत्नी पवन (सह-कर्जदार), LHPNP00001355197 . | पवन के पक्ष में दस्तावेज नं. 1877 दिनांक 27.12.2016 के अनुरूप गांव रत्ता खेड़ा-तहसील सफीदों, जिला जीन्द में स्थित खेवट नं. 29, खाता नं. 29, खसरा नं. 102 (1-10) में निहित भूमि माप 1के 10एम में से 1/2 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 15 मरला है, के सभी भाग व हिस्से। / कब्जे की तिथि 14 अगस्त 2025. | 02-05-2025 रु. 4,60,863/- | पानीपत |
| 3. | पवन कुमार पुत्र रामचन्द्र (कर्जदार), विक्की पुत्र रामचरन (सह-कर्जदार), शीला पत्नी पवन (सह-कर्जदार), LHPNP00001355199 . | पवन के पक्ष में दस्तावेज नं. 1877 दिनांक 27.12.2016 के अनुरूप गांव रत्ता खेड़ा-तहसील सफीदों, जिला जीन्द में स्थित खेवट नं. 29, खाता नं. 29, खसरा नं. 102 (1-10) में निहित भूमि माप 1के 10एम में से 1/2 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 15 मरला है, के सभी भाग व हिस्से। / कब्जे की तिथि 14 अगस्त 2025. | 02-05-2025 रु. 47,029/- | पानीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 19 अगस्त 2025
स्थान : जीन्द

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## खबर संक्षेप



कैथल। डोडा पोस्त सप्लायर आरोपी एंटी नारकोटिक सेल पुलिस गिरफ्त में।

### 19,600 किलो डोडा पोस्त सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** युवा वर्ग को नशे की लत से बचाने के लिए नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचते हुए 19 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ डोडा पोस्त सप्लाई मामले की जांच एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी डोडा पोस्त सप्लायर जिला चितौड़गढ राजस्थान के गांव शुभानिया निवासी मोहित मेनारिया को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से एक कट्टा प्लास्टिक से 19 किलो 600 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ था।

### बहादुरगढ़ में चरस सहित गिरफ्तार



**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने चरस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को नए बस अड्डे के पास सर्विस रोड से काबू किया गया है। आरोपी की पहचान योगराज के रूप में हुई है। जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। अदालत में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### छोटूराम नगर में फंदे पर लटका मिला शव

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मानसिक परेशानी से तंग आकर फंदा लगाए जाने की बात सामने आई है। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। लाइनपार थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 37 वर्षीय फरीयाद खान के रूप में हुई है। फरीयाद दिल्ली का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, लाइनपार के छोटूराम नगर में उसका गोदाम है। रविवार को वह घर से तो निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की। वे यहां गोदाम पर आए तो फरीयाद को फंदे पर लटका देखा। उन्होंने तुरंत संभाला लेकिन फरीयाद की सांस थम चुकी थी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। सोमवार को परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। प्रारंभिक तौर फरीयाद द्वारा मानसिक रूप से परेशान होकर यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है।

---

### जींद में सो रहे परिवार पर बदमाशों की अंधाधुंध फायरिंग, दो सगी बहनें गंभीर

# पिता ने मुकदमे में समझौता नहीं किया तो बेटियों को मारी गोली

- पुलिस ने घायल बालिकाओं के दादा की शिकायत पर छह लोगों को किया नामजद
- हमलावरों ने पखवाड़ा पहले तोड़े दिए थे बालिकाओं के पिता के हाथ और पैर





जींद। घायल बच्ची को उपचार के लिए पीजीआई ले जाते परिजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों की आर्दश कॉलोनी में कुछ बदमाशों ने घर में सोई दो मासूम सगी बहनों को गोली मार दी। जिसमें दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। छर्रे लगने से उनके पास सोई तीसरी बालिका भी घायल हो गई। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल बालिकाओं के दादा की शिकायत पर छह आरोपितों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सफीदो की आर्दश कालोनी निवासी नौशाद की बेटी तरन्नुम (13), जैसमीन (10) तथा उनकी हम उम्र फुफेरी बहन बीती रात कमरे में सोई हुई थी। देर रात को कुछ लोग आए और कमरे का दरवाजा तोड़ कर फायरिंग कर दी। जिसमें गोली तरन्नुम की छाती तथा जैसमीन की बाजू में जा लगी। वहीं छर्रे तीसरी लड़की को भी जा लगे। बालिकाओं के चिल्लाने तथा गोली चलने की आवाज सुन कर दूसरे कमरे में सोए परिजन मौके पर पहुंच गए। घटना का अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल दोनों बहनों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घायल बालिकाओं के दादा नूर हसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो अगस्त को सफीदों निवासी सोनू, मिता तथा उनके दोस्तों ने घायल बालिकाओं के पिता नौशाद पर हमला कर उसके हाथ तथा पांव तोड़ दिए थे। जिसमें शहर थाना में मुकदमा दर्ज है। अब आरोपित उसके बेटे नौशाद पर समझौता के लिए दबाव डाल रहे थे। समझौता न करने पर उसके बेटे को गोली मारने की धमकी दी थी। रात को उसका बेटा नौशाद अलग कमरे में सोया था। रात को आरोपित उनके मकान में घुस आए और दरवाजा तोड़ कर नौशाद समझ उसकी पौतियों को गोलियां मार दी। जिसमें उसकी दोनो पौती गोली लगने तथा दौहती छर्रे लगने से घायल हो गई। शहर थाना सफीदों पुलिस ने नूर हसन की शिकायत पर सफीदों निवासी सोनू, मिता, राहुल उर्फ मुस्सा, सतीश, गांव सिघाना निवासी अजय, गांव रोहड़ निवासी बीरू के खिलाफ जानलेवा हमला करने के तहत मामला दर्ज किया है।

**की जा रही छापेमारी**

> हमलावरों ने लगभग एक पखवाड़ा पहले बालिकाओं के पिता पर हमला किया था। जिसका मामला दर्ज है। आरोपित समझौते के लिए दबाव डाल रहे थे। फिलहाल छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। **-दिनेश कुमार**, शहर थाना सफीदों प्रभारी

---

### यमुनानगर में वारदात से हड़कंप

## कार सवार दर्जनभर लोगों ने एक महिला को किया अगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव सबीलपुर के पास कार में सवार होकर आए दर्जन भर लोगों ने एक महिला को अगवा कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव बसातियावाला निवासी सैमुअल ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी दोहते की पत्नी पलक के साथ कार में जा रहा था। रात को करीब साढ़े 10 बजे जब वह गांव सबीलपुर के पास पहुंचे तो कारों में सवार होकर दर्जन भर लोग मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने अपनी कार को आगे खड़ा कर उनकी कार को रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी कार में बैठी बहू पलक को अपनी कार में जबरदस्ती बैठाकर उसे अगवा कर लिया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात दर्जन भर लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हिसारः बाइक लगाकर वारदात को अंजाम दिया

## बिजली निगम के जेई से पांच लाख छीनकर युवक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एचटीएम थाना क्षेत्र में सेक्टर 1-4 के पास अज्ञात युवकों ने बैंक से पैसे निकलवा कर जा रहे बिजली निगम के जेई से पांच लाख रुपये छीन लिए और फरार हो गए। जेई ने शोर मचाया और उनका पीछा करने का प्रयास भी किया लेकिन युवक भागने में सफल हो गए। सेक्टर 1-4 निवासी बिजली निगम में कार्यरत जेई राहुल ने सोमवार को जिंदल चौक स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा से पांच लाख रुपये निकलवाए थे। वह यह पैसे लेकर घर की तरफ जा रहा था। सूर्य नगर पुल से उतरते ही तीन युवकों ने उसकी स्कूटी के आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया और पैसे छीन लिए। जेई राहुल ने शोर मचाने व युवकों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन तब तक युवक सेक्टर 1-4 रायपुर रोड की तरफ भाग गए। राहुल ने लूट की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था।

---

## दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद व जुर्माना

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद की फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के मामले में एक युवक को दोषी ठहराते हुए उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने आरोपी पर 2 लाख 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है, जिसमें से 1 लाख 60 हजार की राशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता के पिता ने थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दी कि उनकी नाबालिग बेटी को अशोक कुमार उर्फ धोलू निवासी रतिया बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। महिला अनुसंधानकर्ता ने तत्परता से जांच करते हुए आईपीसी की धारा 363, 366ए, 34 के तहत मामला दर्ज किया। इस मामले में पुलिस ने 25 फरवरी 2023 को लडक़ी को बरामद कर न्यायालय में धारा 164 सीआरपीसी के तहत बयान दर्ज करवाए। पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले में धारा 376(2)(एन), 376(3) आईपीसी एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2), 6 जोड़ी गई। आरोपी को 2 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था।

### फर्जी तरीके से प्रापर्टी की नई आईडी बनाकर बेचने में संलिप्ता

## नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** फर्जी तरीके से प्रापर्टी की नई आइडी बनाकर बेचने में संलिप्ता के चलते नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर रामपाल मान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । इस मामले में फरीदाबाद के सेक्टर आठ निवासी योगेश शर्मा की शिकायत पर 17 मई को शहर यमुनानगर थाना में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।



पकड़ा गया आरोपी बिल्डिंग इंस्पेक्टर।

शहर थानाप्रबंधक इंस्पेक्टर नरेंद्र राणा ने बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर 8 निवासी योगेश शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी एक प्रापर्टी यमुनानगर में टैगोर गार्डन में है। इस प्रापर्टी पर विवाद चल रहा है। जिसके चलते अदालत से स्टे लिया हुआ है। आरोप है कि विक्रम बक्शी व विशाल बक्शी दोनों भाइयों ने नगर निगम के अधिकारियों से मिलीभगत कर इस प्रापर्टी पर नई प्रापर्टी आइडी बनाई।




---

### भिवानी की टीचर मनीषा हत्याकांड में नहीं थम रहा रोष

## धरने को हजारों ने दिया समर्थन, गुस्साए लोगों ने एनएच 709 ई किया जाम

- दोषियों को गिरफ्तार की मांग को लेकर लोग धरने पर
- धरने के पांचवे दिन भी नेताओं का तांता लगा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

सिंघानी शिक्षिका मनीषा हत्याकांड के मामले में सोमवार को ढिगावा में पांचवे दिन भी धरने पर प्रदेश के कौने कौने से लोगों का आवागमन जारी रहा। कमेटी के निर्णयानुसार सोमवार को बिना कोई लाउड स्पीकर के धरना आयोजित किया गया। सुबह से ही मामले को लेकर चल रही अफवाओं के बीच लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और सांय करीब साढे चार बजे ढिगावा में लोगों ने एनएच 709ई को दोनों तरफ से जाम कर दिया। उधर सिंघानी में भी घटना स्थल और साथ लगते आइडियल स्कूल के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



लोहारू। ढिगावा में लगाए गए जाम के दौरान उपस्थित लोग।

**अंतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलाई गई**

शिक्षिका हत्याकांड मामले को लेकर सोमवार सुबह से ही चल रही विभिन्न अफवाओं से नाराज लोगों सांय को ढिगावा में एनएच 709ई को जाम कर दिया और नारेबाजी करने लगे। बता दें कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अंतिरिक्त पुलिस फोर्स भी बुलाई गई है। वहीं दूसरी ओर सिंघानी में घटना को सील कर वहां पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं यहीं नही साथ लगते एक निजी विद्यालय के इर्द गिर्द भी पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। इससे पहले लोहारू में भी चौ बंसीलाल कॉलेज के सामने अनेक गुस्साए युवाओं ने शिक्षिका के हत्याकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एनएच 709ई को जाम कर दिया था। करीब आधे घंटे बाद पुलिस ने समुचित आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया।

---

### सनरूफ से बाहर निकल किया डांस, जांच में जुटी पुलिस

## गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर लग्जरी कारों से किया स्टंट

- घटना 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की है, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर एक दर्जन लग्जरी कारों में सवार युवकों द्वारा बीच सड़क पर स्टंट करने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कार सवार युवकों ने सनरूफ से बाहर निकल कर पंजाबी और हरियाणवी गानों पर डांस किया। वहीं हाईवे पर गाड़ियों को डेंजर जोन में भी चलाकर अन्य वाहन चालकों को भी खतरे में डाला। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन इन्होंने पुलिसकर्मियों को अश्लील इशारा किया और भाग निकले। इस दौरान पुलिसकर्मी उनका वीडियो बनाते रहे। युवकों ने स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यह घटना 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की है। जिसमें दिल्ली नंबर की काली स्कॉर्पियों गाड़ियों का एक काफिला अचानक गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर पहुंचा। गाड़ियों पर तिरंगे लगे हुए थे। तेज रफ्तार से चलते हुए ये काफिला लगातार आगे बढ़ता रहा।



**पुलिस के रोकने पर भी नहीं रुका काफिला**

हाईवे पर कई जगहों पर हरियाणा पुलिस ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी खड़े थे। जिन्होंने इन युवकों को रोकने की कोशिश भी की। पुलिस ने उन्हें हाथ दिखाकर रुकने का इशारा किया, तो गाड़ी की छत पर बैठे युवकों ने पुलिस कर्मियों को उंगली दिखाई और तेज गति से आगे बढ़ गए।

### फाइनेंसरों से परेशान दुकानदार ने जहरीला पदार्थ निगला

**कैथल।** कस्बा पूंडरी में फाइनेंसरों से परेशान आकर एक दुकानदार ने जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गुरु तेग बहादुर कॉलोनी कैथल के कृष्ण लाल ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके साले पवन कुमार फतेहपूर में करियाना की दुकान करता था। उसने कुछ समय पहले फाइनेंसरों से कुछ पैसा ब्याज पर दिया था। वह ब्याज की किश्त भी भर रहा था। आरोप है कि फाइनेंसर विजय पंडित, राजन, विजय वर्मा, अमन खुराना, कृष्ण व अन्य ने उसके साले पवन कुमार पर तुरंत प्रभाव से पैसे देने का दबाव बनाया तथा उसे बार बार परेशान किया। इससे परेशान होकर उसने 17 अगस्त को जहरीला पदार्थ पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।



## मौजूदा जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने का प्रस्ताव

# जीएसटी में कटौती से बढ़ेगी एसी की मांग, कीमतें 2,500 रुपए तक घटेंगी

### उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर कंडीशनर (एसी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने के सरकार के प्रस्ताव से उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इससे विभिन्न मॉडल के आधार पर एयर कंडीशनर (एसी) की कीमतें 1,500 रुपये से 2,500 रुपये तक कम हो जाएंगी। सरकार द्वारा हाल ही में आयकर में कटौती और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में संशोधन के बाद कीमतों में यह कटौती होने जा रही है। अब इस कदम से न केवल एसी तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि 'प्रीमियम एसी' की मांग भी बढ़ेगी जहां लोग लागत लाभ के कारण ऊर्जा-कुशल मॉडल खरीदेंगे। इसके अलावा, इससे 32 इंच से अधिक के टीवी स्क्रीन पर जीएसटी स्लैब को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने में भी मदद मिलेगी।

#### अब फैसले के लागू होने का इंतजार

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने इसे एक ''शानदार कदम'' बताते हुए सरकार से इन बदलावों को शीघ्र लागू करने का आग्रह किया क्योंकि लोग रूम एयर कंडीशनर (आरएएसी) की खरीद से पहले अब इस फैसले के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं।

#### कटौती से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा

शर्मा ने कहा कि इससे मॉडल के आधार पर अंतिम उपभोक्ता के लिए एसी की कीमत में 1,500 से 2,500 रुपये तक की कमी आएगी। गोदरेज अप्लायंसेज ने भी प्रस्तावित कटौती से उपभोग को बढ़ावा देने और उपकरणों की मांग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद जाहिर की।

#### सीतारमण जीएसटी पर मंत्रिसमूह की बैठक को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली(भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जीएसटी में सुधारों को लेकर बुधवार को राज्यों के मंत्रियों के समूह की एक बैठक को संबोधित करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन सुधारों के तहत कर दरों में कटौती होगी और आम इस्तेमाल की वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों ने के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत की कर दरों को हटाने का प्रस्ताव है। 20 और 21 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली राज्यों के मंत्री समूह की दो दिन की बैठक में सुधार प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''इसका उद्देश्य जीएसटी सुधार प्रस्ताव के पीछे केंद्र के दृष्टिकोण को सामने रखना है। हालांकि, केंद्र इस मंत्री समूह का सदस्य नहीं है, लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री की उपस्थिति और उनके संबोधन से मंत्री समूह को केंद्र के प्रस्ताव के पीछे की सोच और विचार को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी छह सदस्यीय मंत्री समूह के संयोजक हैं। अन्य सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल शामिल हैं। केंद्र ने वस्तुओं को 'गुण' और 'मानक' श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब का प्रस्ताव किया है। इस वर्गीकरण में अपनाए गए व्यापक सिद्धांत का उद्देश्य मध्यम वर्ग, एमएसएमई और कृषि क्षेत्र पर कर का बोझ कम करना है।प्रस्तावित 40 प्रतिशत स्लैब, केवल पांच से सात वस्तुओं पर लागू होगा। इनमें पान मसाला, तंबाकू और ऑनलाइन गेमिंग जैसी अहितकर वस्तुएं शामिल हैं। यह जीएसटी कानून के तहत उच्चतम स्वीकार्य कर दर है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) वर्तमान में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है।

#### ग्राहक एसी के लिए एक अक्टूबर तक इंतजार करेगा

त्यागराजन ने कहा, '' अब अगस्त में कोई भी आरएसी (रूम एसी) नहीं खरीदेगा, सितंबर या एक अक्टूबर तक इंतजार करेगा। इस बीच क्या कर सकते हैं। डीलर नहीं खरीदेंगे और ग्राहक नहीं खरीदेंगे।'' ग्राहकों को मिलने वाले मूल्य लाभ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' यह लगभग 10 प्रतिशत होगा'' क्योंकि जीएसटी अंतिम मूल्य पर लगाया जाता है।

#### ऊर्जा कुशल उत्पादों पर 12 फीसदी जीएसटी की उम्मीद

पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने कहा कि उद्योग को ऊर्जा कुशल उत्पादों पर करीब 12 प्रतिशत जीएसटी की उम्मीद है और बाकी उत्पादों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा, '' हालांकि, ऐसी स्थिति में जब एसी और अन्य उपकरणों पर जीएसटी 28 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाता है, तो बाजार में कीमतों में सीधे तौर पर छह से सात प्रतिशत की कमी आएगी क्योंकि आमतौर पर जीएसटी आधार मूल्य पर लगाया जाता है।

# 'मेक इन इंडिया' को सभी चीजें बनाने में न बदले : सुब्बाराव

### आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने सोमवार को आगाह करते हुए कहा कि 'मेक इन इंडिया' को 'भारत की जरूरतों' के अनुसार सब कुछ बनाने' में नहीं बदलना चाहिए क्योंकि इससे देश में निवेश और उत्पादकता प्रभावित होगी। सुब्बाराव ने यह भी कहा कि अमेरिका के भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क से सबसे महत्वपूर्ण विदेशी बाजार अमेरिका में भारतीय वस्तुओं की लागत बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा, ''अगर 'मेक इन इंडिया' को 'भारत की जरूरतों के अनुसार सब कुछ बनाने' में बदला जाता है, तो हम चीन से निवेश आकर्षित करने का मौका गंवा देंगे।'' सुब्बाराव ने बातचीत में कहा, ''शुल्क हमें याद दिलाते हैं कि खुलापन सतत विकास का मार्ग है न कि अलग-थलग होकर रहना। 'मेक इन इंडिया' की सफलता प्रतिस्पर्धा पर निर्भर करती है, संरक्षणवाद पर नहीं।'' आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में आत्मनिर्भर भारत, एक आकांक्षा की बात दोहरायी थी। इसका अर्थ रक्षा और ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रणनीतिक आत्मनिर्भरता होना चाहिए, न कि पूर्ण आत्मनिर्भरता। पूर्व गवर्नर ने कहा, 'मेक इन इंडिया' की परिकल्पना देश को एक निर्यात-आधारित विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए की गई थी। इसका मतलब था कि भारत में निर्माण, न केवल देश के लिए, बल्कि दुनिया के लिए है। सुब्बाराव ने कहा, ''दंडात्मक अमेरिकी शुल्क हमारे सबसे महत्वपूर्ण विदेशी बाजार में भारतीय वस्तुओं की लागत बढ़ाकर इस महत्वाकांक्षा को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं।''

**सूचना**

मैं, प्रवीन कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी मकान संख्या ई-116, सेक्टर-36, सनसिटी, रोहतक (हरियाणा)-124001 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम प्रवीन से बदलकर प्रवीन कुमार रख लिया है और भविष्य में मुझे प्रवीन कुमार के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हथवाला में एक कमरा कंडम है। जिसकी नीलामी सरकार द्वारा 22 अगस्त 2025 को समय प्रातः 10 बजे रखी गई है। जिसकी कीमत 94000/- चौरानवें हजार रखी गई है। इच्छुक बोलीदाता सुबह स्कूल में आकर अपनी बोली दे सकता है। बोली की शर्तें मोके पर बताई जाएगी। प्रिंसिपल

सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथवाला पानीपत

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# जीएसटी सुधारों की घोषणा से शेयर बाजार में रौनक

### सेंसेक्स 676 अंक चढ़ा, निफ्टी भी 245 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- वाहन एवं एफएमसीजी शेयरों में जबर्दस्त खरीदारी



दिवाली तक जीएसटी कर स्लैब में बड़े सुधार किए जाने की घोषणा से वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही। सेंसेक्स 676 अंक और निफ्टी 246 अंक चढ़कर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 676.09 अंक यानी 0.84 प्रतिशत बढ़कर 81,273.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,168.11 अंक चढ़कर 81,765.77 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 245.65 अंक यानी एक प्रतिशत चढ़कर 24,876.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 390.7 अंक की बढ़त के साथ 25,022 तक पहुंच गया था।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी की तरफ से भारत की साख को बढ़ाए जाने से भी निवेशक धारणा को बल मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति का शेयर सबसे अधिक 8.94 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा बजाज फाइनेंस में पांच प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 3.71 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 3.7 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और ट्रेंट के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, आईटीसी का शेयर 1.26 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इटर्नल, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा।

#### शिखर बैठक भी मददगार साबित हुई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव आने से घरेलू बाजार की धारणा बेहतर हुई। इसके अलावा अमेरिका-रूस की शिखर बैठक से कोई नया वैश्विक तनाव न पैदा होना भी बाजार के लिए मददगार साबित हुआ।''

#### हुंडई का शेयर 8.45 प्रतिशत चढ़ा

हुंडई मोटर इंडिया का शेयर 8.45 प्रतिशत चढ़ा जबकि अशोक लेलैंड में 8.12 प्रतिशत, टीवीएस मोटर में 6.58 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प में 5.9 प्रतिशत की तेजी देखी गई। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह के समक्ष पांच प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का भी प्रस्ताव रखा है।

#### सोना स्थिर, चांदी 1,000 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,01,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव के मुकाबले 500 रुपये की गिरावट के साथ 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही।

#### ओमेक्स लिमिटेड को 185.77 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमेक्स लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 185.77 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। आमदनी घटने की वजह से कंपनी को घाटा झेलना पड़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी को 146.98 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। ओमेक्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय घटकर 298.03 करोड़ रुपये रह गई।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Karandeep
Civil Judge (Junior Division), Rohtak
Chetan s/o Bijender singh through Deepika
Vs.
Death and Birth Registration Office
Municipal corporation Rohtak
CNR No. HRRH02-001983-2023
Next Date : 18-09-2025
It is therefore prayed that decree may kindly be passed in favour of plaintiff.
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC :- HARYANA
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **18.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Rohtak
Dated, this day of 15.07.2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Deepti
Civil Judge (Senior Division), Sonipat, Sonipat
Sunita
Vs.
General Public
CNR No. HRSO02-001503-2024
Next Date:- 22-08-2025
SUCCTION 53-2024
Prayed that in view of the above mentioned facts a succession certificate may please be issued in favour of the petitioner in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC
:-
SONIPAT
In above titled case, the defendant(s) / respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **22.08.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/-
Civil Judge (Senior Division), Sonipat,
SONIPAT
Dated, this day of 18.08.2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
In the Court of Sh. Vikrant, Additional Civil Judge (Senior Division), Kharkhoda
MAHENDER
Vs.
KAMLA WIDOW
SUIT FOR POSSESSION BY WAY OF PARTITION WITH RELIEF OF PERMANENT INJUNCTION
CNR No. HRSOC0-000072-2025
CS/51/2025
Next Date:- 01-10-2025
PUBLICATION ISSUED TO:
Defendant No.11= Sonia D/o Suresh and Wife of Sombir R/o Village Sanghi, Distt. Rohtak, 12= Sangeeta D/o Suresh and Wife of Sukhbir R/o 309, Main Gali, Village Sanghi, Distt. Rohtak. 13= Manju D/o Kaptan and Wife of Suraj R/o Ward No. 05, Near Saheed Park, Dev Nagar Colony, Jhajjar. 14= Monu S/o Kaptan R/o Ward No. 03, Sainipura, Kharkhoda. 20= Manjeet Son of Subhash R/o Ward No.03, Kharkhoda Now Confined in District Sonepat, Now Confined in District Jail, Sonepat in FIR No. 574/2024. 21= Roshni D/o Badlu and Wife of Balbir Singh R/o Baldev Nagar, Ambala Cantt. 22= Beena D/o Badlu and Wife of Sanjay R/o Hanuman Colony, Sonepat
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 01-10-2025 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Sonipat
Sd/- (Vikrant), Additional Civil Judge
(Senior Division), Kharkhoda
Dated, this day of 09.07.2025

**सूचना**

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी रोहतक द्वारा तहसील ऑफिस रोहतक में कैंटीन की बोली 22 अगस्त 2025 को दोपहर बाद 3.30बजे नगराधीश कार्यालय (मिनी सचिवालय) रोहतक मे लगाई जाएगी। बोली दाता 50000 नगद अथवा ड्राफ्ट रेड क्रॉस सोसाइटी में जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर सकता है। ओर खुली बोली मे भाग ले सकता है। बोली राशि 10000 से शुरू होगी जो अस्थाई कैंटीन पूर्व ठेकेदार द्वारा बनाई गई हैयदि वो इस कैंटीन को हटाता है तो बोली दाता को अपने खर्च पर अस्थाई कैंटीन बनानी होगी। किसी भी कार्य दिवस पर रेड क्रॉस भवन से नियम और शर्तों की प्रति प्राप्त कर सकते हैं। यह कि कैंटीन 2 साल के लिये दी जायेगी।

उपायुक्त एवम अध्यक्ष
जिला रेड क्रॉस, रोहतक

**कार्यालय मार्किट कमेटी पाई (कैथल)**

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी पाई द्वारा अनाज मण्डी पाई व खरीद केन्द्र करोडा मण्डी में (दिनांक 01.08.2025 से 31.07.2026 तक) आने वाली सभी फसलों का कबाड़ व झार-फूस (Residue) इत्यादि उठाने के ठेके की खुली बोली दिनांक 22.08.2025 को दोपहर बाद 02:00 बजे कार्यालय मार्किट कमेटी पाई में की जाएगी। प्रत्येक व्यस्क इच्छुक बोली दाता को बोली में भाग लेने से पहले 25000/- रूपये की राशि डिमांड ड्राफ्ट/नकद रूप में मार्किट कमेटी, पाई के पास बतौर धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सभी व्यस्क इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि व समय पर पहुंच कर मौके का लाभ उठाएं। खुली बोली की शर्ते किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी पाई में नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं व अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जायेंगी।

सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, पाई — प्रशासक, मार्किट कमेटी, पाई

**कार्यालय मार्किट कमेटी पूण्डरी (कैथल)**

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी, पुण्डरी द्वारा अनाज मण्डी, विस्तार अनाज मण्डी पुण्डरी तथा उसके अधीन पडने वाली सभी अनाज मण्डी जैसे खरीद केन्द्र रसीना, डीग व हाबडी में कृषि उपज की साफाई के उपरांत बकाया बचा छिलका, झार, कबाडा (Residue) इत्यादि उठाने की खुली निलामी (अवधि 01-09-2025 से 31-07-2026 तक) दिनांक 25-08-2025 को सुबह 11:00 बजे कार्यालय मार्किट कमेटी, पुण्डरी में की जाएगी। बोली में भाग लेने वाले सभी इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति/फर्म से रुपए 100000/- की राशि का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 25-08-2025 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 11:00 बजे तक कार्यालय मार्किट कमेटी पुण्डरी में धरोहर राशि के रुप में जमा करवाया जाएगा। असफल रहने पर धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट उसी समय वापिस कर दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को बोली समाप्त होते ही बोली राशि का 50 प्रतिशत भाग तुरन्त जमा करवाना होगा तथा बकाया 50 प्रतिशत 15 दिनों के अन्दर जमा करवाना होगा। अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी पुण्डरी में सम्पर्क करें।

हस्ता/-सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, पुण्डरी। सम्पर्क मो. न. 90530-97000 — प्रशासक, मार्किट कमेटी, पुण्डरी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, पुत्रः स्वर्गीय प्रकाश, पताः शिव कॉलोनी, रोहतक, हरियाणा, 2. अजय गुलिया, पुत्रः रमेश, पताः माता दरवाजा, रोहतक, हरियाणा** ने **FIR No. 244/2025, U/s: 64(2)/127(3)/123/308(2)/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होने किये है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, 2.अजय गुलिया** मिल नही रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, 2. अजय गुलिया** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, 2. अजय गुलिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आकृति महेंद्रू
एलडी. एसीजेएम, पश्चिम, कमरा संख्या 145
DP/10862/CD/2025 — तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

#### बढ़ते जा रहे हैं कदम..गर्व से बता रहे हैं हम.व्यावसायिक क्षेत्र में उद्यमिता का नया कीर्तिमान स्थापित किया पतंजलि ने.



**नई दिल्ली।** देश की आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के घर-घर में विश्वास का प्रतीक बनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने स्वदेशी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गेनाइजेशन (**WCO**) और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय – भारतीय सीमा शुल्क (**Indian Customs**) ने पतंजलि को **AEO** (**Authorized Economic Operator**) **Tier**-2 प्रमाणपत्र प्रदान किया है।यह प्रमाणपत्र विश्वस्तरीय व्यापार में ईमानदारी, पारदर्शिता और सप्लाई चेन सुरक्षा के उच्चतम मानकों का प्रतीक है। भारत की सर्वोच्च कंपनियों में केवल गिनी-चुनी कंपनियों के पास ही यह दर्जा है, और **FMCG** सेक्टर में तो यह गौरवशाली प्रमाणपत्र केवल कुछ ही कंपनियों को प्राप्त है। अब इस सूची में पतंजलि का नाम स्वर्ण अक्षरों में जुड़ गया है।उल्लेखनीय है कि पतंजलि फूड्स को इस **AEO Tier**-2 प्रमाणपत्र से कम्पनी को ड्यूटी डिफर्ड पेमेंट (**Duty Deferred Payment**),बैंक गारंटी से छूट (**Bank Guarantee Waiver**), डायरेक्ट पोर्ट डिलीवरी (**DPD**), 24x7 क्लियरेंस सुविधा इत्यादि के साथ और कुल 28 प्रकार से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लाभ प्राप्त होंगे।

#### भारत का बडे सपने देखने का समय आ चुका है : पुणीत डालमिया

**तमिलनाडु।** भारत के एमडी और सीईओ पुणीत डालमिया का सन्देशसास्त्र डीम्ड यूनिवर्सिटी के 39वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डालमिया भारत लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री पुणीत डालमिया ने कहा, एक उभरते भारत का विचार और बड़े सपने देखने का समय अब एक साथ आ चुका है। स्नातकों के लिए यह समय प्राचीन भारतीय ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संतुलन बनाकर अपने करियर को ऊंचाइयों तक ले जाने का है। डालमिया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने करियर में बड़ा सोचें, जोखिम उठाएं और विनम्र बने रहें। उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था के सशक्त रूपांतरण पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत एक कमजोर अर्थव्यवस्था से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन जिम्मेदार और सतत विकास की ओर बढ़ने का स्पष्ट संकेत है, जिसे वित्तीय और मानव पूंजी दोनों के सहयोग से और मजबूत किया जा सकता है।उन्होंने आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि और सेवा क्षेत्रों में बहुविषयक विकास को आत्मनिर्भर भारत मिशन के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

## शब्द पहेली - 5962




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5961 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



## चिंतन

# रोजगार सृजन पर और अधिक ध्यान देना जरूरी

मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां और सुस्त ग्रोथ के दौर में भारत में बेरोजगारी दर में कमी को एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। लगातार यह तीसरा महीना है जब बेरोजगारी दर में क्रमशः कमी दर्ज की जा रही है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में देश में बेरोजगारी दर घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि जून में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई में भी बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर थोड़ी अधिक 5.3 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह 5.1 प्रतिशत थी। जुलाई में शहरी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई जो जून में 7.1 प्रतिशत थी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर घटकर 4.4 प्रतिशत रही जो इससे पहले जून में 4.9 प्रतिशत थी। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी घटकर जुलाई में 14.9 प्रतिशत रही, जो जून 2025 में 15.3 प्रतिशत थी। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी दर जुलाई में मामूली रूप से बढ़कर 19 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 18.8 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसी आयु वर्ग (15-29 वर्ष) के लिए यह दर घटकर जुलाई में 13 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 13.8 प्रतिशत थी। बेशक भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, इसके बावजूद आर्थिक संकेतक आगाह करते रहते हैं कि देश को नए आर्थिक सुधार की जरूरत है। जीडीपी साढ़े छह फीसदी के दायरे में अनुमानित है, जोकि देश की आर्थिक जरूरत के अनुरूप नहीं है। आयात व निर्यात संतुलन भारत के खिलाफ है, मतलब हम आयात अधिक कर रहे हैं। छोटे व मध्यम उद्योग कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, कृषि क्षेत्र आधिक तवज्जो की मांग कर रहा है। निवेश की रफ्तार कम हुई है, सरकारी निवेश की गति भी धीमी है। करीब दस वर्ष में देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, इसके बावजूद करीब 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 5 किलो निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है, यह बड़ा विरोधाभास है। देश में सरकारी के बेरोजगारी के आंकड़े को लेकर बहस चलती रही है। वास्तविक बेरोजगारी के अधिक होने का अनुमान है। भारत में बेरोजगारी विभिन्न कारकों से प्रभावित होती है, जिनमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, जनसांख्यिकीय चुनौतियां, कौशल असंतुलन, सीमित रोजगार सृजन, युवाओं में उच्च बेरोजगारी, सामाजिक मानदंड जो महिलाओं को रोजगार लेने/जारी रखने से रोकते हैं, अनौपचारिक क्षेत्र और कौशल-नौकरी असंतुलन शामिल हैं। बेरोज़गारी का व्यक्तियों, समुदायों और समग्र अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। लम्बे समय तक बेरोजगारी रहने से उपभोक्ता खर्च में कमी आ सकती है। कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर, उद्यमिता और स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर, विनिर्माण और औद्योगिक क्षेत्रों को मज़बूत कर, ग्रामीण रोज़गार के अवसरों में वृद्धि कर, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित कर, डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी की क्षमता का दोहन कर व शिक्षा और उद्योग सहयोग को मज़बूत कर नए रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। रोजगार सृजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# जीईएम की पारदर्शी दशक यात्रा

वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरुआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरुआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। जीईएम ने आपी नौ वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है।

नौ अगस्त की तारीख हमारे इतिहास में अगस्त क्रांति के लिए प्रसिद्ध है। भारत से अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने वाले निर्णायक 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरूआत इसी दिन हुई। यह तारीख इतिहास में एक और वजह से भी महत्वपूर्ण बन गई है। इसी दिन वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक और सरकारी खरीद में पारदर्शिता की शुरूआत के लिए सरकारी मार्केट प्लेस यानी बाजार की शुरूआत जीईएम यानी गवर्नमेंट इलेक्ट्रॉनिक मार्केट प्लेस शुरू किया। जीईएम का मूल मंत्र है, पारदर्शी, समावेशी और कुशल शासन की आधारशिला। इस ऑनलाइन सार्वजनिक और पारदर्शी बाजार ने नौ साल की आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है और एक दशक की यात्रा के लिए आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने एक नारा दिया था, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'। इसके सीईओ मिहिर कुमार कहते हैं कि जीईएम प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को साकार कर रहा है। मिहिर कुमार के अनुसार, सिर्फ नौ साल की ही अवधि में यह पोर्टल देश का सबसे भरोसेमंद डिजिटल खरीद मंच बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में इस पोर्टल पर महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, मध्यम और लघु उद्योग, शिल्पकारों, स्थानीय कारीगरों और दिव्यांगजनों समेत पूरे देश के विक्रेताओं और सेवाप्रदाताओं के सशक्तीकरण में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। इस पोर्टल या ऑनलाइन बाजार पर विक्रेताओं के लिए जमानती राशि रखने का प्रावधान है। लेकिन अब इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। इसकी वजह से विशेषकर छोटे निर्माताओं और कारोबारियों को ज्यादा फायदा होना है।

सार्वजनिक और सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इसी भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री ने पारदर्शी और समावेशी ऑनलाइन मार्केट की अवधारणा प्रस्तुत की थी। जीईएम उसी अवधारणा का विस्तार है। इसके कामकाज शुरू करने के बाद केंद्र सरकार के सभी दफ्तरों के लिए इसी पोर्टल के जरिए खरीद अनिवार्य कर दिया गया। अब जीईएम प्रबंधन का जोर राज्य सरकारों की खरीद को भी इसी के जरिए जरूरी बनाने पर है। अपने दसवें वर्ष में राज्यों पर फोकस करने की दिशा में जीईएम प्रबंधन ने तैयारी की है। जीईएम को उम्मीद है कि उनके जरिए हो रही सार्वजनिक खरीद में जिस तरह सार्वजनिक क्षेत्र को बचत हो रही है, उसकी वजह से राज्य सरकारें भी इसकी ओर आकर्षित होंगी। वैसे राज्यों की ओर से इसके जरिए खरीद होने भी लगी है। हालांकि उसकी मात्रा अभी कम है। जीईएम के जरिए होने वाली खरीद में अब तक एनटीपीसी को जहां करीब दो हजार करोड़ की बचत हुई है, वहीं बैंक ऑफ बड़ोदा को 34 करोड़। इसी तरह भारतीय नौसेना ने भी पंद्रह करोड़ की बचत की है। जीईएम के अधिकारी तो इसे स्वीकार नहीं करते, लेकिन जाहिर है कि यह बचत जहां खरीद में घपले की कमी से हुई है, वहीं सार्वजनिक मार्केट प्लेस पर उपलब्ध ढेरों और गुणवत्तापूर्ण सामानों में मूल्यों को लेकर हुई प्रतिद्वंद्विता की वजह से हुई है।

जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के अनुसार, इस ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने सिर्फ खुद के दम पर साल 2024-25 में 5.4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य सार्वजनिक खरीद को न केवल सुव्यवस्थित किया है, बल्कि शासन में पहुंच,समानता और सशक्तीकरण को




फिर से पारिभाषित किया है। जीईएम ने अपने स्थापना के दसवें वर्ष का सूत्र वाक्य, सुगमता, पहुंच और समावेशन विषयों पर केन्द्रित किया है। मिहिर कुमार का कहना है कि उसका यह सूत्र वाक्य सार्वजनिक खरीद को अधिक सुलभ और न्यायसंगत बनाने की दिशा में उनके संगठन की प्रतिबद्धता और पारदर्शी कामकाज को प्रदर्शित करता है। मिहिर कुमार यह भी कहते हैं कि वैसे तो ऑनलाइन खरीद के कई पोर्टल हैं। लेकिन वे सभी कारोबारी पोर्टल हैं, जबकि जीईएम मार्केट प्लेस है। वह खुद कारोबार नहीं करता, बल्कि पारदर्शी कारोबार का मंच उपलब्ध कराता है। जिसमें खरीददार और विक्रेता, दोनों का फायदा है। जीईएम की कामयाबी ही कही जाएगी कि इसके जरिए अब तक तीन करोड़ से ज्यादा खरीदादारी हो चुकी है। जिनके जरिए 4.81 लाख करोड़ की खरीददारी हुई है। इस मार्केट प्लेस पर मौजूदा वित्त वर्ष में 11हजार से ज्यादा प्रोडक्ट, 344 से ज्यादा सर्विस श्रेणी, 20 लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पोर्टल पर सबकुछ ऑटोमेशन में सॉफ्टवेयर संचालित है, कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। हालांकि जीईएम के अधिकारी मानते हैं कि इसमें और सुधार की गुंजाइश है और वह लगातार होती रहेगी। ताकि खरीद-बिक्री में पारदर्शिता रहे।

यह ठीक है कि अब विक्रेताओं के लिए जमानती राशि की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही जीईएम ने कई और सुधार शुरू किये हैं। इसमें विक्रेता के मूल्यांकन शुल्क को तार्किक बनाना और लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कमी करना भी सामिल है। वेंडर चार्ज भी पहले की तुलना में 68 प्रतिशत से लेकर 92 प्रतिशत तक कम किए जा चुके हैं। इन सबकी वजह से यहां मिलने वाले 97 प्रतिशत ऑर्डरों को छूट मिल गई है। मिहिर कुमार कहते हैं कि उनकी कोशिश, विक्रेताओं को सशक्त बनाना, मध्यम और लघु उद्योगो बढ़ावा देने की है। इस दिशा में पहली बार विक्रेताओं और छोटे उद्यमों के लिए मजबूत सहायता द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। जीईएम की कोशिश ना सिर्फ बड़े, बल्कि दूर-दराज के इलाकों में स्थित कारीगरों, निर्माताओं, उद्यमियों और कारोबारियों को समावेशी मंच उपलब्ध कराना भी है। जीईएम के अधिकारी कहते हैं कि उनका ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि आदिवासी कारीगरों से लेकर तकनीक-संचालित स्टार्टअप तक हर उद्यम तक सार्वजनिक खरीद के अवसरों आसानी से पहुंच सकें। इस दिशा में इसके दिल्ली मुख्यालय में छह अगस्त को जीईएमविक्रेता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जीईएम के मंच पर देश के हर वर्ग के उद्यमियों, कारोबारियों और निर्माताओं को साथ लाने की कोशिश हुई।

कागज रहित, वास्तविक समय के लेन-देन को सक्षम बनाने से लेकर स्वास्थ्य, खनन और बीमा में करोड़ों रुपये के अनुबंधों को सुगम बनाने तक, जीईएम ने नीति निर्माण और जमीनी स्तर की भागीदारी के बीच की खाई को पाटने की सफल कोशिश की है। दसवें वर्ष में दाखिल होते हुए इसके अधिकारियों ने अनूठी शपथ ली है। उनका कहना है कि वे सार्वजनिक खरीद को नागरिक-केंद्रित, डेटा-संचालित और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि सार्वजनिक खरीद में इन विशेषताओं के बावजूद कुछ अतिरिक्त की चाहत रखने वाले भ्रष्टाचारी तत्व अब भी कुछ ना कुछ राह निकाल लेते हैं। जिस पर काबू पाने के लिए जीईएम के इंजीनियर लगातार सक्रिय रहते हैं। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि अपने एक दशक की यात्रा में यह सार्वजनिक ऑनलाइन बाजार पारदर्शिता की नई मिसाल कायम करेगा। इस संदर्भ में जीईएम के सीईओ मिहिर कुमार के इन शब्दों को देखा-परखा जा सकता है। वे कहते हैं, ₹पारदर्शिता को परिवर्तन के साथ जोड़ते हुए, GeMभारत के खरीद परिदृश्य की रीढ़ बन गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## व्यक्ति को निरंतर रूप से निखारती है प्रतिस्पर्धा



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए वह अनेक छोटे-बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। समाज का अंग होते हुए, समाज में अपनी पहचान बनाना भी प्रत्येक व्यक्ति का एक उद्देश्य जैसा ही प्रतीत होता है। इन उद्देश्यों, लक्ष्यों व उपलब्धियों की प्राप्ति के लिए चल रहे अनवरत प्रयत्नों के फलस्वरूप एक सामाजिक प्रक्रिया जन्म लेती है। इस सामाजिक प्रक्रिया का नाम है-प्रतिस्पर्धा। यदि सरल शब्दों में कहा जाए तो बेहतर प्रदर्शन करने की तीव्र लालसा। यह लालसा एक अबोध शिशु से लेकर एक वृद्ध तक सभी में विद्यमान रहती है। वस्तुतः जब आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं होती, तो प्रतिस्पर्धा स्वतः ही जन्म ले लेती है। प्रतिस्पर्धा में कदाचित विरोध व ईर्ष्या की भावनाएं भी अंतर्निहित होती हैं, किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा स्वस्थ नहीं कही जाती। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा वास्तव में उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिस्पर्धा की यही विशेषता इसे संघर्ष से अलग करती है। एक अन्य विशेष बात यह है कि प्रतिस्पर्धा किसी तंत्र विशेष तक ही सीमित रहती है। एक विशेष तरह की प्रतिस्पर्धा एक विशेष तंत्र में ही दृष्टिगोचर होती है। किसी व्यक्ति के साथ आपकी प्रतिस्पर्धा केवल तभी तक रहती है, जब तक आप उसके साथ किसी तंत्र को साझा करते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा वह तंत्र छोड़ते ही प्रतिस्पर्धा स्वतः समाप्त हो जाती है। यह आवश्यक नहीं कि प्रतिस्पर्धा सदैव दूसरे व्यक्ति के साथ ही हो।

## आखिर कर्म ही महान



संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## विवेचना

डॉ. मोनिका शर्मा



# ट्रंप के बयान-वैश्विक जन समुदाय में खो रही साख

अमेरिका के राष्ट्रपति ने डोनॉल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के पहले से ही अजीबोगरीब बयान देते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भी बहुत सी उनकी बातें सोशल मीडिया से लेकर आम संसार तक लोगों हैरान-परेशान करने वाली रही हैं। कभी युद्धरत देशों के बीच सीजफायर तो कभी नोबेल पुरस्कार के लिए संस्तुति को लेकर बहुत कुछ ऐसा कह चुके हैं, जो वैश्विक जनसमुदाय में उनकी छवि बिगाड़ रहा है। यह बर्ताव स्वयं उनकी ही नहीं उनके देश की साख को भी नुकसान पहुंचाने वाला है।

हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री को फोन पर धमकाया है। नॉर्वे के बिजनेस अखबार डेगेन्स नेरिंगस्लिव के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप ने देश के वित्त मंत्री को टेलीफोन पर धमकी दी है कि यदि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया जाता है तो वो नॉर्वे पर भारी भरकम टैरिफ लगा देंगे। ज्ञात हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने नॉर्वे के वित्त मंत्री



को टैरिफ पर चर्चा के लिए बुलाया था। उस समय भी ट्रंप यह कहने से नहीं चूके थे कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था है कि 'वह नॉर्वे द्वारा दिए गए उस सम्मान के हकदार हैं, जो वाइट हाउस के चार पूर्ववर्तियों को मिला था।' गौरतलब है कि इजरायल, पाकिस्तान और कंबोडिया जैसे देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को शांति समझौते और युद्ध विराम करवाने के लिए नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया हुआ है।

विडम्बना ही है कि अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष के रूप में उनके विचार समग्र वैश्विक समुदाय को कभी चकित तो कभी चिंतित करते रहते हैं। यही कारण है कि ना तो आपसी संवाद का कोई परिणाम निकलता है और न ही वैश्विक स्तर पर बनी नीतियों और नियमों को लागू करने से जुड़ी गंभीरता नजर आती है। उनके बर्ताव अपने विचार थोपने का अंदाज़ स्पष्ट नजर आता है। इसी के चलते अलास्का के एंकोरेज में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की करीब तीन घंटे तक चली आमने-सामने की मुलाक़ात भी बेनतीजा रही। न तो रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति बन पाई और न कोई ठोस समझौता हो सका। इसी वर्ष मार्च महीने में राष्ट्रपति ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में तीखी बहस हो चुकी है। व्हाइट हाउस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि जब दो राष्ट्राध्यक्षों की चर्चा इतने तनाव भरे माहौल में हुई। भारत के समक्ष भी ट्रंप कभी टैरिफ़ बढ़ाने की चुनौती तो ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीजफायर करवाने से जुड़े बयान देकर उलझनें खड़ी करते रहे हैं। पहलगांव में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारतीय देना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर में सीजफायर को लेकर बार-बार अपने बयान बदलने से भी नहीं चूके। जिसके सरकार और विपक्ष में भी वैचारिक घमासान मचा रहा है। सैन्य बलों की कार्रवाई पर प्रश्न उठाए गए। इस विवाद ने भारत की छवि को भी नुकसान पहुंचाया, जबकि भारत सरकार द्वारा प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट कहा गया कि सीजफायर में किसी भी देश का हाथ नहीं है। दुखद है कि इस विवाद को हवा देने के बाद खुद राष्ट्रपति ट्रंप भी भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर दिये अपने बयान से पलट गए। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि मैंने भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता नहीं कराई। मैंने दोनों देशों के बीच तनाव का समाधान निकालने में मदद की थी। इसके पहले अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि अगर दोनों ने सीजफायर नहीं किया तो वह किसी के साथ व्यापार नहीं करेगा। हालांकि ट्रंप के इस बयान से भारत कभी सहमत नहीं हुआ और इसे खारिज कर दिया गया। इसी फेहरिस्त में ईरान और इज़राइल के युद्ध को लेकर दिये गए उनके बयान भी वैश्विक समाज को स्तब्ध कर चुके हैं।

असल में ऐसे राष्ट्रपति ट्रंप के ऐसे वक्तव्यों की लंबी सूची है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति अपने बयानों से हलचल मचाते रहे हैं और मचा रहे हैं। कभी अपनी ही बात से मुकर जाना तो धमकी भरी बोलचाल में आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बात। दुनिया के बहुत से देश उनके इस बर्ताव को लेकर परेशान हैं। यह लाजिमी भी है क्योंकि राष्ट्राध्यक्षों की भाषा का रुख और वैचारिक सधापन केवल उनकी अपनी राजनीतिक छवि से जुड़ा पहलू भर नहीं होता। जिसके चलते हर विषय में संशय बढ़ाने और बेवजह सख्ती दिखाने वाले शब्द लिए राष्ट्रपति ट्रंप का यह व्यवहार अमेरिका की साख को भी ठेस ही पहुंचाएगा।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। – *प्रतीक मिश्रा, भिलाई*

## करंट अफेयर

# इंडिया डे परेड पहली बार सिएटल में हुई आयोजित


भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिएटल में पहली बार भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित 'इंडिया डे परेड' में भारत के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां दिखाई गईं। शनिवार को हुई इस परेड में 'इंडिया पैवेलियन' भी आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शित किए गए। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और शहर के मेयर ब्रूस हैरेल ने परेड की शुरुआत झंडी दिखाकर की। जैसे ही आकाश में तिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, सड़कें भारतीय तिरंगे के रंगों से सराबोर हो गईं। सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि 'इंडिया पैवेलियन' में 30 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जहां भारत के 28 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के साथ प्रदर्शित किए गए। आगंतुकों ने क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लिया और सांस्कृतिक कलाकृतियों का अवलोकन किया, जिससे भारत की समृद्ध विरासत और परंपराओं की झलक मिली। लगभग 2,000 से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए मेयर हैरेल ने कहा कि अमेरिका को भारत के प्रेम, करुणा और अहिंसा के संदेश से सीखना चाहिए।



## ऑफ बीट

# बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी समस्या

कई परिवारों के लिए बच्चों को भोजन कराना रोजाना एक चुनौती होती है। कोई बच्चा अचानक अपना पसंदीदा खाना खाने से मना कर देता है, कोई दिन भर कुछ न कुछ खिलाए जाने के कारण चिड़चिड़ा हो जाता है, भाई-बहन खाने की मेज पर झगड़ने लगते हैं। लेकिन अगर माता-पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले लोग इस बारे में सलाह के लिए सोशल मीडिया का रुख करते हैं, तो इससे फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर बच्चों को खाना खिलाना बिल्कुल आसान लगता है। हमारे नए शोध में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे कंटेंट की भरमार है, जिसमें भोजन के समय के अवास्तविक मानकों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों की देखभाल करने वालों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हम जानते हैं कि जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो माता-पिता को कई दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें इस बारे में बहुत कम जानकारी होती है कि सोशल मीडिया किस प्रकार इन दबावों को बढ़ाने में योगदान दे रहा है। यह जानने के लिए कि सोशल मीडिया पर पारिवारिक भोजन को कैसे दर्शाया जाता है, हमने एक लोकप्रिय प्लेटफ़ॉर्म इंस्टाग्राम पर नजर डाली। लगभग दो अरब यूजर वाले इंस्टाग्राम पर खान-पान से जुड़ी तस्वीरों व वीडियो का अंबार है।



## ट्रेंड

### विशिष्ट पहचान

थिरु सीपी राधाकृष्णन ने अपनी लगन, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विभिन्न पदों पर रहते हुए, उन्होंने हमेशा सामुदायिक सेवा और वंचितों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### शोध पर चर्चा

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. गाय लिटिलफेयर से भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध साझेदारी को और गहरा करने पर उपयोगी चर्चा हुई। खनन और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में उनकी व्यापक विशेषज्ञता और एक मजबूत प्रतिष्ठा है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### केस दर्ज होगा

वोटर लिस्ट में घपला करने वाला बड़े-से-बड़ा अधिकारी और बूथ स्तर तक का चुनावकर्मी देख ले कि उसकी बेईमानी पकड़े जाने पर केस भी होगा और निलंबन व दंडात्मक कार्रवाई भी। वो देश के साथ दगा करने का दोषी घोषित होगा।

- अखिलेश यादव, सपा नेता



### असाधारण उपलब्धि

जाकिर खान ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में जो कर दिखाया, ये एक असाधारण उपलब्धि हिन्दुस्तान का यह सितारा आज पूरी दुनिया से हिंदी में बातचीत कर रहा है और लोग रुक कर उसे सुन भी रहे हैं।

- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## टीम का चयन आज, 30 खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में आने के लिए तैयार

# एशिया कप 2025: गिल का फॉर्म बना चयनकर्ताओं की सबसे बड़ी उलझन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए 9 से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं।

### बल्लेबाजी में समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर

बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता।



### सुंदर को मिल सकती है जगह

वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला दो अक्टूबर से शुरू होगी इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव पहली तीन पसंद हैं। गौतम गंभीर ऑलराउंडर को प्राथमिकता देते हैं और ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

### गेंदबाजी में यादव, चक्रवर्ती और बिश्नोई में टक्कर

गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारुपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है, जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं।

### पंड्या फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज



अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। इस स्थान के लिए हर्षित राणा पसंदीदा दिख रहे हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज दोनों को लाल गेंद का विशेषज्ञ माना जा रहा है।

### यादव के नेतृत्व में टी-20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत

सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे। पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा।

विजेता टीम को मिलेगा 10 लाख डॉलर का ईनाम

## अमेरिकी ओपन : सिनर को डबल खेलने के लिए मिली नई जोड़ीदार

### मिश्रित युगल में अल्काराज और राडुकानू का सामना नंबर एक जोड़ी से

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क



यानिक सिनर को अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में खेलने के लिए नया जोड़ीदार मिल गया है जबकि एम्मा राडुकानू और कार्लोस अल्काराज की जोड़ी पहले दौर में नंबर एक वरीयता प्राप्त टीम का सामना करेगी।

अमेरिकी ओपन मिश्रित युगल टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होगा, जिसमें 16 टीम भाग लेंगी। इसके लिए ड्रॉ रविवार को डाले गए। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर अब 10 बार की महिला युगल प्रमुख चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाएंगे। उन्हें एम्मा नवारो के साथ जोड़ी बनानी थी लेकिन अगले सप्ताह मैक्सिको के मॉन्टेरी में होने वाले महिला टूर्नामेंट में खेलने के लिए उन्होंने नाम वापस ले लिया।

## एशियाई निशानेबाजी: भारत पुरुष एयर पिस्टल टीम को रजत

**शिमकेंट (कजाखस्तान)।** भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) की पदक तालिका में बेहतर प्रदर्शन करने के अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को यहां पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ की जबकि फरीदाबाद के अनमोल जैन स्पर्धा में व्यक्तिगत पदक जीतने से चूक गए और छठे स्थान पर रहे। अनमोल (580), आदित्य मालरा (579) और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी(576) की भारतीय टीम 1,735 अंक के साथ चीन के पीछे दूसरे स्थान पर रही। चीन की टीम ने 1,744 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। ईरान ने 1,733 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में अनमोल ने क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वह हालांकि पदक दौर में 155.1 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। चीन के हु काइ ने 241.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया के होंग सुहियोन और ईरान के आमिर जोहारिखोउ ने क्रमशः 239.0 और 216.8 अंक के साथ रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत के आदित्य और चौधरी क्वालीफिकेशन में क्रमशः 13वें और 21वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। भारत के 20 साल के अमित शर्मा क्वालीफिकेशन में 48 शीर्ष निशानेबाजों के बीच 588 अंक जुटाकर शीर्ष पर रहे लेकिन 'केवल रैंकिंग अंक' वर्ग में खेलने के कारण फाइनल में जगह नहीं बना पाए।

एशिया कप हॉकी

## पाकिस्तान की जगह ले सकती है बांग्लादेश की हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान अगर 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भाग नहीं लेता है तो उसकी जगह बांग्लादेश को शामिल किया जा सकता है।

हॉकी इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह एशिया कप के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा उपलब्ध कराएगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रा करने से इनकार कर दिया है। आयोजकों ने आठ टीमों के टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह भरने के लिए बांग्लादेश से संपर्क किया है, लेकिन हॉकी इंडिया ने कहा कि अगले 48 घंटों में वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हॉकी इंडिया के अधिकारी ने कहा, 'भारत सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने को तैयार है, लेकिन अगर वे भारत नहीं आना चाहते तो यह हमारी समस्या नहीं है।

## पोर्टलैंड क्लासिक: अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टूर में रहीं छठे स्थान पर



**पोर्टलैंड (ओरेगन)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक आखिरी दौर में पांच अंडर 67 के शानदार कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में छठे स्थान पर रही। अदिति का यह मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह इस सत्र में सिर्फ दूसरा मौका है जब वह शीर्ष 10 में रही है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान (मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) था। अदिति ने चार दौर में 69-70-65-67 के कार्ड के साथ कुल 17 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाए। जापान की अकेई इवाई छह अंडर 64 का कार्ड खेलने के बाद चार शॉट से बड़ी जीत दर्ज की। उनका कुल स्कोर 24 अंडर का रहा। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70-65) ने आखिरी दौर में सात अंडर के कार्ड के साथ कुल 20 अंडर का स्कोर बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

## एलआईवी गोल्फ स्पर्धा: लाहिड़ी ने प्ले ऑफ में दर्ज की शानदार जीत



**वेस्टफील्ड।** अनिर्बान लाहिड़ी ने दो अंडर 69 के कार्ड के साथ इंडियानापोलिस में एलआईवी गोल्फ स्पर्धा में अपने अभियान का अंत संयुक्त 27वें स्थान के साथ किया। वह इस तरह वह एलआईवी गोल्फ लीग की व्यक्तिगत सत्र रैंकिंग में 25वें स्थान रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर 10 अंडर (67-67-69) रहा। सेबेस्टियन मुनोज ने जॉन रहम के साथ 22 अंडर पार के स्कोर के साथ शीर्ष पर बराबरी करने के बाद प्ले ऑफ में जीत दर्ज की। रहम हालांकि सत्र की तालिका में लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष पर रहे। लाहिड़ी का सत्र का 25वां स्थान 'लॉक जोन' से एक स्थान नीचे है। 'लॉक जोन' 2026 में खेलने के लिए खिलाड़ियों का स्थान सुनिश्चित करता है। लाहिड़ी अब 'ओपन जोन' में हैं, जिसके तहत उनकी टीम 'क्रशर्स' उन्हें अपने साथ बनाए रखने या रिलीज करने पर फैसला कर सकती है। लाहिड़ी ब्रायसन डीचैम्ब्यू के नेतृत्व वाले 'क्रशर्स' के एक महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं।

### अहलावत ने खेला 72 का कार्ड



**कोपनहेगन।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के डैनिश गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद 34वें स्थान पर रहे। अहलावत ने डेनमार्क के फ्युरेसॉ गोल्फ क्लब में अपने आखिरी दौर में तीन बर्डी और चार बोगी लगाए। उनका कुल स्कोर एक अंडर (73-68-70-72) रहा। वह इस प्रदर्शन से 'रेस टू दुबई' रैंकिंग में 139वें से 136 स्थान पर पहुंच गए। इस तालिका में शीर्ष 113 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को 'कैटेगरी 10 कार्ड' मिलेगा, जिससे वे अगले सत्र में इस टूर के ज्यादातर टूर्नामेंटों में हिस्सा ले पाएंगे।







## खबर संक्षेप

### पाक में बारिश से 657 की मौत, 1000 से ज्यादा घायल




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मॉनसून की बारिश में ही 657 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 1000 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान में जून के आखिर से लेकर अब तक बारिश में हुई मौतों का यह आंकड़ा है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के प्रवक्ता तैयब शाह ने बताया कि अब भी भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल 22 अगस्त तेज बारिश जारी रहेगी। पहले भी हादसे होते रहे हैं।

### नेपाल में 4.0 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं



नेपाल में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। पूर्वी नेपाल के रामेछाप जिले में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र रामेछाप जिले के हेलमचो इलाके में था, जो राजधानी काठमांडो से करीब 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। भूकंप के झटके पास के जिलों दोलखा, सिंधुली और कावरेपालांचोक में भी महसूस किए गए। हालांकि, अब तक किसी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। हिमालयी भूकंपीय जोन में बसा हुआ है।

### दावा-रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया



**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवॉश किया जा रहा है। वहीं, 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है।

### अमेरिका के साथ तनातनी के बीच भारत पहुंचे चीनी विदेश मंत्री जयशंकर से मिले

# मुलाकात के बाद बोले जयशंकर-दोनों देशों के बीच मतभेद 'विवाद' नहीं बनने चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक राजनीति में चल रही उठापटक के बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत पहुंचे। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने सोमवार को अपने समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। उनकी इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 'हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, दोनों देश अब आगे बढ़ना चाहते हैं।

इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस प्रयास में हमें तीन पारस्परिक बातों-आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित को ध्यान में रखना चाहिए। मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा। इस दौरान उन्होंने चीनी विदेश मंत्री के भारत आने के लिए आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई एक बड़ी प्राथमिकता है। जयशंकर ने उम्मीद जताई कि बातचीत से भारत और चीन के बीच स्थिर, सहकारी और भविष्य के लिए अच्छे संबंध बनेंगे। यह संबंध दोनों देशों के हितों को पूरा करेगा और चिंताओं का समाधान करेगा।

**आज शाम साढ़े 5 बजे पीएम मोदी से मिलेंगे**

**भारत ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बड़ी**

### पीएम मोदी और डोभाल से आज होगी मुलाकात



सोमवार को एस जयशंकर से मुलाकात के बाद चीनी विदेश मंत्री सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 24वें दौर की बातचीत के लिए आज यानी मंगलवार सुबह 11 बजे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल से मिलेंगे। इसके बाद सबसे खास मीटिंग शाम 5:30 बजे होने वाली। इस समय चीनी विदेश मंत्री पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले हैं। यह मीटिंग पीएम मोदी के आवास लोक कल्याण मार्ग पर होगी।

### अगले हफ्ते चीन जाएंगे पीएम मोदी



बता दें कि एक हफ्ते के बाद शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग भाग लेने के लिए पीएम मोदी चीन जाएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। वांग यी 19 अगस्त को पीएम मोदी से भी मिलेंगे। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि वांग की यात्रा के माध्यम से चीन भारत के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है। वांग की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच राजनीतिक विश्वास,व्यावहारिक सहयोग को बढ़ाना है।

### वांग यी के भारत दौरे का समय बेहद अहम

वांग यी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। भारत ने ट्रंप प्रशासन के इस फैसले की आलोचना की और भारी-भरकम टैरिफ को अन्यायपूर्ण बताया। अमेरिका के टैरिफ के एलान के तुरंत बाद भारतीय एनएसए अजीत डोभाल ने रूस का दौरा किया। इसके बाद डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी को सीमा विवाद पर बातचीत के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे वांग यी ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए चीन दौरे पर जाएंगे।

**करेंगे समीक्षा**

### भारत के बाद चीन के विदेश मंत्री जाएंगे पाक

*चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत यात्रा बाद पाकिस्तान का भी दौरा करेंगे। वांग यी 21 अगस्त को 2 दिनों की यात्रा पर इस्लामाबाद जाएंगे और पाकिस्तान-चीन रणनीतिक वार्ता में भाग लेंगे। इतना ही नहीं पाकिस्तान में वांग यी की शहबाज शरीफ और सैन्य नेतृत्व के साथ भी बैठक करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस्लामाबाद में चीनी विदेश मंत्री दोनो देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा करेंगे। हाल के महीनों में चीन-पाक के बीच संपर्क में काफी तेजी देखी गई है। वांग की पाकिस्तान यात्रा के दौरान शहबाज शरीफ की आगामी चीन यात्रा के एजेंडे को अंतिम रूप दिया जाएगा। शरीफ के इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेने और चीनी नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठक करने के लिए बीजिंग जाने की संभावना है।*

### भारत में निवेशित रहने की दी सलाह

## अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म का दावा ट्रंप वापस ले सकते हैं हाई टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म जेफरीज ने अपने ग्राहकों को भारत में बिकवाली करने की जगह खरीदारी की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का यू-टर्न होना तय है। अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म में प्रमुख एनालिस्ट क्रिस्टोफर वुड ने कहा कि उनके ग्राहक वर्तमान वैश्विक बाजार परिवेश और इस संभावना के कारण भारत में निवेश करने पर विचार कर रहे हैं,क्योंकि ट्रंप अंततः अपना रुख बदल देंगे।

वुड ने कहा, यह केवल कुछ समय की बात है ट्रंप अपने रुख से पीछे हट जाएंगे, जो कि अमेरिका के हित में नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अगर कोई ट्रंप के सामने खड़ा होता है तो उसे लाभ होता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ट्रंप की ओर से ब्रिक्स देशों के खिलाफ कोई भी एक्शन उन्हें डी-डॉलराइजेशन की ओर ले जाएगा। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका का नाम शामिल है। डी-डॉलराइजेशन वह स्थिति है, जिसमें देश डॉलर की बजाय अन्य विदेशी मुद्राओं या घरेलू मुद्राओं में विदेशी व्यापार करना शुरू कर देते हैं। विश्लेषक ने कहा कि जेफरीज ने भारत पर, खासकर अपने एशिया (जापान को हटाकर) लॉन्ग-ओनली पोर्टफोलियो में, लगातार तेजी का रुख बनाए रखा है।

**एशिया में भारत की सराहना**

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 15 वर्षों में वैश्विक उभरते बाजारों की तुलना में, भारत ने पिछले 12 महीनों में सबसे ज्यादा खराब प्रदर्शन किया है। ब्रोकिंग फर्म ने एशिया (जापान को हटाकर) में भारत पर मार्जिनल ओवरवेट रुख भी बनाए रखा है। वुड ने कहा, भारत एशिया में सबसे अच्छी दीर्घकालिक संरचनात्मक स्थिति का प्रतिनिधित्व करता है, हालांकि बाजार उच्च मूल्यांकन और भारी इक्विटी आपूर्ति का सामना कर रहा है।

**इसी माह पुनर्निर्धारित किया जा सकता है टैरिफ**


भारतीय शेयर बाजार एक साल की फॉरवर्ड अर्निंग के 20.2 गुना पर कारोबार कर रहे हैं, जो अक्टूबर 2021 के उच्चतम स्तर 22.4 गुना से कम है। एनालिस्ट वुड ने कहा कि ब्रिक्स देश मुख्य रूप से अमेरिकी प्रशासन की विदेश नीति में एक वैचारिक ढांचे के अभाव के कारण फिर से एकजुट हो रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों की 25 से 29 अगस्त के बीच प्रस्तावित नई दिल्ली यात्रा को पुनर्निर्धारित किया जा सकता है। गौरतलब हो, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध खराब हो गए हैं। 27 अगस्त से अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू होने की धमकी दी गई है।

### व्हाइट हाउस के अधिकारी ने किया बड़ा दावा

## चीन और रूस के नजदीक जा रहे भारत को हथियार देना खतरनाक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। अब वाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि भारत ने रूस और चीन से करीबी बढ़ा ली है, जिसके कारण उसे हथियार बेचना जोखिम भरा हो गया है। वहीं, भारत ने साफ किया है कि तेल खरीदने को लेकर उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि अमेरिका और यूरोपीय संघ भी रूसी सामान के खरीदार हैं।



एक लेख में वाइट हाउस के व्यापारिक मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने लिखा है नई दिल्ली अब रूस और चीन दोनों के करीब जा रहा है। उन्होंने लिखा, अगर भारत एक रणनीतिक साझेदार की तरह हमसे व्यवहार चाहता हैं, तो उसे वैसे काम भी करने चाहिए। इससे पहले कई मौकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रूसी तेल की खरीदी को लेकर भारत पर निशाना साध चुके हैं। नवारो ने लिखा, भारत रूसी तेल के सबसे बड़े उपयोगकर्ता के रूप में काम कर रहा है।

वह कच्चे तेल को महंगे निर्यात में बदल रहा है और मॉस्को को डॉलर थमा रहा है, जिसे उसकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के करीबी रिश्तों के चलते अमेरिकी सैन्य क्षमताओं को भारत को सौंपना जोखिम भरा है।ट्रंप पहले ही भारत के खिलाफ 25 प्लस 25 फीसदी टैरिफ लगा चुके हैं। शुरुआती ऐलान में उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था और इसकी वजह ब्रिक्स देश और अमेरिका को होने वाला घाटा बताया था। साथ ही उस दौरान रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद उन्होंने 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क का ऐलान किया और भारत को रूसी तेल खरीदने पर घेरा था। भारत की तरफ से साफ किया जा चुका है कि उसे देश के आर्थिक हित में जो भी जरूरी होगा, वह फैसला लिया जाएगा। साथ ही अमेरिका को दिए एक जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया था कि यूरोपीय संघ के सदस्य कई देश रूस से सामान खरीद रहे हैं। वहीं, ट्रंप से भी जब एक पत्रकार ने रूसी तेल की खरीद के संबंध में सवाल किया, तो वह जवाब देने से बचते नजर आए थे।

### पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ीं

## भारतीय मूल की कृषांगी 21 साल में बन गई ब्रिटेन की सॉलिसिटर

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय मूल की कृषांगी मेश्राम ने ब्रिटेन में इतिहास रचा। लॉ ग्रेजुएट कृषांगी मेश्राम हाल के वर्षों में इंग्लैंड और वेल्स में सबसे कम उम्र की सॉलिसिटर बन गई हैं। उन्होंने ये कमाल केवल 21 साल की उम्र में कर दिखाया है।



बता दें कि सॉलिसिटर ऐसा वकील होता है, जो कानून के कई क्षेत्रों पर एक्सपर्ट कानूनी सलाह देता है। वह अपने क्लाइंट के कानूनी हित का प्रतिनिधित्व करने और बचाव करने के लिए जिम्मेदार होता है। पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ीं कृशांगी मेश्राम वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात में रह रही हैं। मेश्राम ने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स में ओपन यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने केवल 18 साल की उम्र में लॉ में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल की। कृषांगी मेश्राम ने विश्वविद्यालय को इसका श्रेय दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं ओपन विश्वविद्यालय की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे केवल 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। कृषांगी मेश्राम ने आगे कहा कि अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की अकादमिक नींव रखी, बल्कि इसके साथ कानून के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया।

### लेबनान बोला- हिजबुल्ला हथियार डालेगा

## दीर्घकालिक सीजफायर पर बात करेंगे इजराइल और अमेरिका

एजेंसी ▶▶ बेरूत

अमेरिका के विशेष दूत टॉम बैरक ने कहा है कि उनकी टीम इस्राइल के साथ लंबी अवधि के लिए संघर्ष विराम पर बातचीत करेगी। यह कदम लेबनान द्वारा हिजबुल्ला को हथियार छोड़ने के अमेरिकी समर्थित योजना को मंजूरी देने के बाद आया है।



बैरक ने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। अमेरिका अब युद्ध के बाद देश की आर्थिक पुनर्निर्माण योजना पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। बैरेक ने कहा कि लेबनानी सरकार ने अपना काम पूरा कर लिया है और अब इस्राइल की ओर से भी समान कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बीच, हिजबुल्ला और उसके सहयोगी समूह इससे नाराज हैं। उनका कहना है कि इस्राइल को पहले दक्षिण लेबनान में कब्जा किए पांच पहाड़ी क्षेत्रों से पीछे हटना चाहिए और लगातार होने वाली हवाई हमलों को बंद करना चाहिए। हिजबुल्ला के महासचिव नैम कासेम ने हथियार छोड़ने के प्रयासों का विरोध किया है, जिससे देश में गृह संघर्ष का खतरा बढ़ गया है।

राष्ट्रपति औन और प्रधानमंत्री नवाफ सलाम हिजबुल्ला और अन्य गैर-राज्य सशस्त्र समूहों को हथियार छोड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने इस्राइल से हमलों को रोकने और अपने देश से पीछे हटने की मांग की है। औन ने लेबनानी सेना के लिए फंड बढ़ाने की योजना भी बनाई है, ताकि सेना की क्षमता मजबूत हो सके। इसके अलावा, वह अंतरराष्ट्रीय दाताओं से धन जुटाकर देश के पुनर्निर्माण की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

## सूरत में 25 करोड़ रुपये के हीरे हुए चोरी, कटर से तिजोरी काटी

**सूरत(एजेंसी)।** कपोद्रा थाना क्षेत्र स्थित डक एंड संस डायमंड फैक्ट्री में चोरों ने फिल्मी अंदाज में चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने फैक्ट्री के ऑफिस में रखी तिजोरी को गैस कटर से काट डाला और उसमें रखे लगभग 25 करोड़ रुपए से भी अधिक मूल्य के हीरे लेकर फरार हो गए। फैक्ट्री 15 अगस्त की शाम से जन्माष्टमी और रविवार की छुट्टियों के कारण बंद थी। सूचना मिलते ही कपोद्रा पुलिस, क्राइम ब्रांच और एसओजी टीम मौके पर पहुंच गई। एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने पाया कि चोर न केवल तिजोरी काटकर हीरे ले गए, बल्कि फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ डाला और वहां से डीवीआर (रिकॉर्डिंग सिस्टम) भी साथ ले गए, जिससे अंदरूनी फुटेज हाथ नहीं लग सकी। पुलिस अब फैक्ट्री के बाहर लगे कैमरों और कर्मचारियों के कॉल डिटेल्स खंगाल रही है।

- डीसीपी एफएसएल की टीम जांच में जुटी



### भारत वापसी के दौरान इटली पहुंचा था युद्धपोत, तमाल ने दिखाई ताकत

# यूरोप में भारत का शक्ति प्रदर्शन, नौसेना के युद्धपोत ने दागे गोले

एजेंसी ▶▶ नेपल्स

भारतीय नौसेना का स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल ने इटली का दौरा पूरा कर लिया है। यह युद्धपोत इटली के नेपल्स में तीन दिनों तक ठहरने के बाद अपनी आगे की यात्रा पर रवाना हुआ है। इस दौरान भारतीय युद्धपोत ने इटली की नौसेना के साथ एक छोटा अभ्यास भी किया। आईएनएस तमल के नेपल्स के बंदरगाह पर डेरा डालने के दौरान भारत और इटली की नौसेना ने आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इससे तेजी से बढ़ती भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को बल मिला इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी हैं। उनके कार्यकाल में भारत-इटली संबंध मजबूत हुए हैं। भारतीय रक्षा मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार, यह बंदरगाह प्रवास आईएनएस तमाल की भारत वापसी यात्रा का हिस्सा था और इसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को गहरा करने के उद्देश्य से व्यापक नौसैनिक और राजनयिक बैठकें शामिल थीं। बंदरगाह में प्रवेश करने से पहले, आईएनएस तमाल ने इतालवी नौसेना के नव-नियुक्त लैंडिंग हेलीकॉप्टर डॉक (एलएचडी) आईटीएस ट्राइस्टे के साथ एक पैसेज अभ्यास (पासेक्स) में भाग लिया।

पासेक्स में समन्वित नौसैनिक अभियानों की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें कम्युनिकेशन अभ्यास, जटिल युद्धाभ्यास, हेलीकॉप्टर उड़ान अभ्यास और समुद्री सवारों का आदान-प्रदान शामिल था, जिसका समापन एक औपचारिक स्टीम पास्ट के साथ हुआ। बंदरगाह प्रवास के दौरान, जहाज के चालक दल ने इतालवी सैन्य और नागरिक अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चाओं, व्यावसायिक आदान-प्रदानों और उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लिया।

### इटली की नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल



आईएनएस तमाल के कमांडिंग ऑफिसर ने इतालवी नौसेना के लॉजिस्टिक्स कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल पियरपाओलो बुद्री और नेपल्स की उप महापौर लॉरा लिटो से मुलाकात की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि चर्चा भारत-इटली रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029 के तहत संयुक्त पहलों पर केंद्रित थी। इस यात्रा के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में, आईएनएस तमाल और रोम स्थित भारतीय दूतावास ने जहाज पर एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया, जिसमें इतालवी नौसेना, स्थानीय सरकार, इटली स्थित संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और इतालवी रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**आईएनएस तमाल कितना शक्तिशाली**

*आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना का तलवार क्लास का फ्रिगेट है। यह तलवार क्लास की फ्रिगेट का आठवां जहाज है और भारतीय नौसेना द्वारा ऑर्डर किए गए इस श्रेणी के फ्रिगेट के तीसरे बैच का दूसरा जहाज है। इसे रूस के कलिनिनग्राद में यंतर शिपयार्ड में बनाया गया था। यह रूस में बना भारतीय नौसेना का 51वां नौसैनिक पोत भी है। इस पोत की लंबाई 124.8 मीटर और विस्थापन 3678 टन है।*


### बॉडीगार्ड ले गए थे 'पूप सूटकेस'

## यात्रा के दौरान पुतिन ने मल मूत्र भी अमेरिका में नहीं छोड़ा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 15 अगस्त 2025 को अलास्का में अहम बैठक हुई थी। अब इस बैठक को लेकर एक अहम खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पुतिन जब अलास्का में ट्रंप से मिलने आए थे, उस दौरान उनके साथ 'पूप सूटकेस' भी था।

यह सूटकेस किसी दस्तावेज या हथियार को रखने के लिए नहीं था, बल्कि इसमें मानव मल-मूत्र रखा जाता है। फ्रांसीसी पत्रिका दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी राष्ट्रपति के गार्ड उनकी यात्रा के दौरान उनका मल-मूत्र इकट्ठा करते हैं। उसे एक खास बैग में पैक कर वापस रूस ले जाते हैं।



कहा जा रहा है कि पुतिन की टीम ऐसा इसलिए करती है ताकि कोई विदेशी एजेंसी उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी न जुटा सके।

फ्रांसीसी मैगजीन पेरिस मैच के मुताबिक, यह सुरक्षा प्रोटोकॉल नया नहीं है। 2017 में फ्रांस यात्रा और वियना दौरे के दौरान भी ऐसा किया गया था। हालांकि क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति ऑफिस) ने हमेशा इन अफवाहों को खारिज किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25